

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

4 पेज

पेज 7



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 62 | ग्वालियर शनिवार 10 दिसम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज़ ट्रैक

### क्या अब सपा के साथ ही गठबंधन में रहेंगे चंद्रशेखर आजाद



उत्तर प्रदेश की तीन सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम आ चुके हैं. मैनपुरी और खतौली उपचुनाव में समाजवादी पार्टी गठबंधन ने जीत दर्ज की है. वहीं रामपुर में बीजेपी ने जीत दर्ज की है. खतौली में सपा गठबंधन से आरएलडी के प्रत्याशी मदन भैया ने चुनाव में जीत दर्ज की. जीतने के बाद उन्होंने चंद्रशेखर आजाद से मुलाकात की है. खतौली विधान सभा से लोकदल के प्रत्याशी मदन भैया जीत के बाद चंद्रशेखर आजाद के आवास छुटमलपुर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई. साथ ही मदन भैया ने जीत में आजाद समाज पार्टी के सहयोग के लिये आभार प्रकट किया. हालांकि इस दौरान मदन भैया के बयान ने एक नई चर्चा शुरू कर दी है. जिसके बाद कहा जा रहा है कि चंद्रशेखर आजाद अब सपा गठबंधन में रहेंगे. इस मुलाकात के बाद आजाद समाज पार्टी ने ट्वीट कर लिखा, खतौली विधानसभा उपचुनाव में विजय होने के बाद विधायक मदन भैया, आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय चन्द्र शेखर आजाद जी से मुलाकात करने पहुँचे. जय भीम,जय मंडल,जय संविधान. जय जवान, जय किसान. मदन भैया ने जीत पर कहा, खतौली की जनता का धन्यवाद है और यह गठबंधन की जीत है. जिसमें विशेष तौर से भाई चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है और 2024 के लिए एक नीव पड़ चुकी है जो आगे सफल साबित होगी.÷ इस बयान के आधार पर अब नई चर्चा शुरू हुई है. खतौली में मिली जीत के बाद चंद्रशेखर आजाद ने कहा, जनता ने मत देकर साबित किया कि जो अहंकारी बीजेपी कहती थी उनको कोई हरा नहीं सकता, जिनके सैकड़ों मंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री खुद इस चुनाव में आए और जनता ने अपनी वोट से इनको सबक सिखाने का काम किया. गठबंधन की जीत पर सबसे पहले खतौली वासियों को बधाई, उनके साथ ही जो देश के वह किसान जिन्होंने अहंकारी सरकार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और सहादत के उन सभी शहीदों को नमन करते हुए यह जीत उनको श्रद्धांजलि के रूप में भेंट करते हैं.

### बुर्का पहनकर डांस करने पर कॉलेज छात्राओं को किया गया सस्पेंड




**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मंगलुरु से एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है. यहां सेंट जॉसेफ इंजीनियरिंग कॉलेज से कुछ लड़कियों को सिर्फ इसलिए सस्पेंड कर दिया गया, क्योंकि वो कॉलेज के एक कार्यक्रम में बुर्का पहनकर डांस कर रहीं थी. इस पूरे घटनाक्रम पर कॉलेज ने कहा है कि छात्राएं गलत तरीके से स्टेज पर चढ़ गई थीं और उन्होंने सख्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया था. गुरुवार को छात्राओं का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो फेविकोल से गाने पर डांस कर रहीं थीं. कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि छात्राएं मुस्लिम हैं और जांच पूरी होने तक उन्हें निलंबित कर दिया गया है. कॉलेज प्रबंधन ने बाद में एक बयान भी जारी किया, जिसमें कहा गया कि कैंपस में हर कोई जानता है कि इस संबंध में सख्त दिशानिर्देश लागू हैं. कॉलेज ने आगे कहा, यह स्वीकृत कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था और इसमें शामिल छात्राओं को जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है. कॉलेज उन गतिविधियों का समर्थन नहीं करता है जो समुदायों और सभी के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंचाए. कॉलेज स्टूडेंट्स को सस्पेंड किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया. कई यूजर्स ने वीडियो को शेयर किया और कहा कि बुर्का पहनकर डांस करना गलत नहीं है. वहीं कई सोशल मीडिया यूजर्स ने डांस को गलत बताया, क्योंकि उनका मानना था कि इसमें अश्लील स्टेप्स थे.

### चुनावी पिच में भारतीय क्रिकेटर की पत्नी का जलवा



**नई दिल्ली।** रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को बीजेपी ने जामनगर नॉर्थ सीट से उम्मीदवार के तौर पर खड़ा किया है. वह शुरुआती रुझानों में काफी पीछे चल रही थीं, लेकिन समय के साथ उन्होंने अच्छी बढ़त बनाई है. रिवाबा तीन साल पहले ही बीजेपी ज्वॉइन की थी. इससे पहले वह करणी सेना से भी जुड़ी रही हैं. इसके अलावा वह तमाम सामाजिक संगठनों से जुड़ी हुई हैं. जडेजा भी हमेशा से ही उनका सपोर्ट करते हुए नजर आते हैं. चुनावी प्रचार में भी उन्होंने अपनी पत्नी का खूब साथ दिया था. उम्मीदवारी मिलते ही रिवाबा, दो कारणों से सुर्खियों में रहीं. पहला- वह क्रिकेटर रविंद्र जडेजा की पत्नी हैं. दूसरा- उनकी भाभी विपक्षी पार्टी कांग्रेस में हैं और वह उनके खिलाफ प्रचार में उतरी थीं. रिवाबा मूल रूप से राजकोट की रहने वाली हैं. उनके पिता शहर के जाने माने बिजनेसमैन हैं. उन्होंने राजकोट के आत्मिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है. गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान के दिन भी रिवाबा जडेजा काफी सादगी भरे अंदाज में नजर आई थीं. उन्होंने कहा था कि उन्हें जामनगर की जनता पर भरोसा है. रिवाबा पहली बार चुनाव लड़ रही हैं. उनका प्रचार काफी अच्छा रहा था. हालांकि, उनके परिवार के लोग ही चुनौती बने हुए थे क्योंकि रविंद्र जाडेजा की बहन नैना और पिता अनिरुद्ध सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार बीपेंद्र सिंह के लिए वोट मांगे थे.

# अमित शाह ने कैसे कराया कांग्रेस का कांग्रेसियों से मुकाबला और बीजेपी ने बना डाला जीत का रिकॉर्ड

गुजरात विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 150 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करते हुए 1985 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. 1985 में कांग्रेस ने माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में 149 सीटों पर जीत दर्ज की थी. बीजेपी के इस ऐतिहासिक जीत के पीछे ब्रांड मोदी और शाह-पाटिल की रणनीति को माना जा रहा है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल ने त्रिकोणीय मुकाबले में ऐसा चक्रव्यूह रचा, जिससे कांग्रेस और आप दोनों धाराशाई हो गई. टिकट बंटवारे से लेकर सीटों की मोर्चाबंदी करने तक में काफी प्रयोग किया गया. रिकॉर्ड जीत की कैसे बिछाई गई बिसात, आइए विस्तार से जानते हैं...

**38 विधायकों के टिकट काटे**-अगस्त 2021 में मुख्यमंत्री समेत पूरी कैबिनेट बदलने के बाद नवंबर में जब टिकट की घोषणा हुई, तो भाजपा ने 38 मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए. इनमें पूर्व सीएम विजय रुपाणी और पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल का भी नाम शामिल था. टिकट कटने के बाद पार्टी के भीतर जब बगावत के सुर बुलंद हुए तो अमित शाह ने खुद मोर्चा संभाला. शाह ने टिकट कटने को पारंपरिक फैसला बताकर सही ठहराया. सूत्रों के मुताबिक पार्टी सर्वे में जिन विधायकों के



खिलाफ गुस्सा था, उनके टिकट काटे गए. इसके अलावा कुछ सीनियर नेताओं के टिकट भी काटे गए. टिकट काटने का प्रयोग मोरबी से लेकर राजकोट तक सफल रहा. अधिकांश सीटों पर नए उम्मीदवारों की जीत हुई है. मोरबी में बीजेपी उम्मीदवार ने 60 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल की है.

### युवा और पॉपुलर चेहरे को मैदान में उतारा

दर्शिता सिंह, हार्दिक पटेल, रीवावा जडेजा और अल्पेश ठाकुर. ये वो पॉपुलर चेहरे हैं, जिसे बीजेपी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतारा गया था. शाह-पाटिल की ये स्ट्रैटजी भी काम आई और सभी पॉपुलर चेहरे चुनाव जीत गए हैं.

### बाहर से आए 16 नेताओं को टिकट

गुजरात चुनाव में बीजेपी ने दलबदलुओं को भी टिकट देने में परहेज नहीं किया. कांग्रेस और दूसरी पार्टी से आए 16 नेताओं को टिकट दिया गया, जिसमें अधिकांश नेता चुनाव जीत गए हैं. इनमें हार्दिक पटेल और कुवंर जी बावलिया प्रमुख हैं.

### बूथ मैनेजमेंट की श्रीकमलं से सीधी मॉनिटरिंग

बीजेपी ने गुजरात में बूथ मैनेजमेंट के लिए पेज कमेटी और पेज अध्यक्ष जैसे पद बनाए थे. पेज कमेटी को लोगों की बात सुनकर हाईकमान तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी. इसकी मॉनिटरिंग सीधे अहमदाबाद स्थित पार्टी ऑफिस श्रीकमलं से की जा रही थी.

### मोदी-शाह के गृह सीट पर संघ को कमान

पीएम मोदी के गृह विधानसभा सीट उंझा और अमित शाह के गृह विधानसभा सीट मानसा की कमान संघ को सौंपी गई थी. पिछले चुनाव में दोनों सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली थी. इस बार दोनों सीट पर ॠस्र् बैकग्राउंड के उम्मीदवार को उतारा गया. उंझा सीट पर मोहन भागवत के करीबी किरीट पटेल को टिकट दिया गया, जबकि मानसा सीट से जयंती पटेल को मैदान में उतारा गया. दोनों सीटों पर भाजपा का प्रयोग सफल रहा.

# गुजरात में प्रचंड जीत के बाद बीजेपी मुख्यालय में जश्न

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात विधानसभा चुनाव, हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव और दिल्ली एमसीडी में हुए चुनाव के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त किया. पीएम मोदी ने कहा कि मैं सबसे पहले जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हूं. जनता जनार्दन का आशीर्वाद अभिभूत करने वाला है. उन्होंने कहा कि बीजेपी चीफ जेपी नड्डा के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की है उसकी खूशबू आज हम चारों तरफ अनुभव कर रहे हैं. पीएम ने कहा कि बीजेपी के प्रति ये स्नेह देश के अलग अलग राज्यों के उपचुनाव में भी दिख रहा है. यूपी के रामपुर में बीजेपी को जीत हासिल हुई है. बिहार के उपचुनावों में बीजेपी का प्रदर्शन आने वाले दिनों का स्पष्ट संदेश कर रहा है. गुजरात विधानसभा



चुनाव में बीजेपी ने इस बार प्रचंड बहुमत हासिल किया है और राज्य के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है. निर्वाचन आयोग से मिले आंकड़ों के मुताबिक बीजेपी ने 153 सीटों पर जीत हासिल कर ली है और 3 सीट पर बढ़त बनाए हुए है. रुझानों की मानें तो इस तरह से बीजेपी कुल 156 सीटों पर चुनाव जीत सकती है. हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों पर मोदी ने कहा कि बीजेपी प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करती रहेगी. उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि मैं हिमाचल प्रदेश के लोगों को बीजेपी के प्रति स्नेह और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं. हम राज्य की आकांक्षाओं को पूरा करने और आने वाले समय में लोगों के मुद्दों को उठाने के लिए काम करते रहेंगे. कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल किया है. निर्वाचन आयोग के मुताबिक कांग्रेस 68 सदस्यीय विधानसभा में 39 सीट जीत चुकी है और एक सीट पर आगे है. बीजेपी 18 सीट जीत चुकी है और सात सीटों पर बढ़त बनाये हुए है. यहां की तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है.

# सोनिया गांधी के 76वें जन्मदिन पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का आज 76वां जन्मदिन है. इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी. पीएम मोदी ने ट्वीट कर सोनिया गांधी के लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की. फिलहाल सोनिया गांधी राजस्थान में हैं. राजस्थान के सवाई माधोपुर के रणथंभौर में उनके जन्मदिन के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं. सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने भी उन्हें बधाई दी. नीतिन गडकरी ने ट्वीटर पर सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके



अच्छे स्वास्थ्य की कामना की. इनके अलावा कांग्रेस के कई नेताओं ने भी सोनिया गांधी को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई संदेश दिए.

### खरगे ने दी सोनिया गांधी को जन्मदिन पर बधाई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी. खरगे ने ट्विटर पर सोनिया को बधाई देते हुए लिखा कि उनके विपरीत हालात में उनकी कृपा, समर्पण और गरिमा ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है. वह उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं. इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने ट्वीट कर लिखा, ÷अपना सब कुछ देश के नाम न्योछावर कर जिन्होंने हमेशा त्याग और समर्पण की मिसाल पेश की, ऐसे नेता भारत की राजनीति में बहुत कम ही हुए. साहस और समर्पण का पर्याय, हमारी नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं. इनके अलावा कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी.

### राजस्थान में जन्मदिन मानएंगी सोनिया गांधी

सोनिया गांधी अपने जन्मदिन से एक दिन पहले ही गुरुवार को राजस्थान के सवाई माधोपुर पहुंच गईं थीं. यहां पहुंचकर सोनिया गांधी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ मिलकर सवाई माधोपुर में रणथंभौर स्थित जोगी महल की यात्रा की. गांधी परिवार ने इस दौरान रणथंभौर टाइगर सफारी का भी आनंद उठाया. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी का जन्मदिन होटल शेर बाग में मनाया जाएगा. सोनिया गांधी के जन्मदिन को लेकर होटल शेर बाग में तैयारियां चल रही है. बताया जा रहा है कि गांधी परिवार के अलावा कई कांग्रेस नेता भी सोनिया गांधी के जन्मदिन में शामिल हो सकते हैं. सोनिया गांधी का ये जन्मदिन बेहद खास है. एक तरफ राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा इस समय राजस्थान में है. वहीं, दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत से सोनिया समेत कांग्रेस पार्टी में जान फूंक दी है.

### आफताब को दें फांसी... परिवार के खिलाफ भी हो जांच

# श्रद्धा के पिता ने की कड़ी सजा की मांग

श्रद्धा मर्डर केस के मुख्य आरोपी आफताब पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दई गई है. वहीं शुक्रवार (9 दिसंबर) को श्रद्धा के पिता विकास वालकर ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और उसके बाद मीडिया से बात की. विकास वालकर ने कहा कि श्रद्धा की मौत से हमारा पूरा परिवार दुखी है. उन्होंने कहा कि बेटी की हत्या के कारण मेरी मनोस्थिति भी काफी खराब हुई है. श्रद्धा के पिता ने आगे कहा, दिल्ली पुलिस ने हमें भरोसा दिलाया है कि हमें न्याय मिलेगा. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी हमें इसका आश्वासन दिया. उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस डिपार्टमेंट के कुछ लोगों से उन्हें मदद नहीं मिली, जिसके लिए वो काफी दुखी भी हैं. उन्होंने कहा कि हम पुलिस की हर संभव मदद कर रहे हैं. विकास वालकार ने कहा कि आफताब पूनावाला ने जिस बेरहमी से मेरी बेटी की हत्या की, उसको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए. श्रद्धा के पिता ने कहा, ÷मैं मांग करता हूं कि इस मामले की तह तक जांच होनी चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि किसने आफताब को ऐसी शिक्षा दी. विकास वालकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में वसई पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा, ÷मेरी बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई... वसई पुलिस की वजह से मुझे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा, अगर उन्होंने मेरी मदद की होती, तो मेरी बेटी जिंदा होती.



# 'खत्म हो रहा मोदी मैजिक, जीत के लिए करना पड़ा ध्रुवीकरण'

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने दो राज्य और छह विधानसभा उपचुनाव के आए नतीजे के एक दिन बाद बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब मोदी मैजिक खत्म हो रहा है. अधीर रंजन ने कहा कि लद्दाख में चीनी सेना ने घुसपैठ की और आवास सुविधाओं के साथ 200 से अधिक आश्रय बनाए. अब, हमारी सेना को दूर के क्षेत्रों में गश्त करने की अनुमति नहीं है. अगर ऐसा ही चलता रहा तो सियाचिन ग्लेशियर में स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है. यह जरूरी है कि सरकार जी20 का जिक्र करने के बजाय भारत-चीन मुद्दे (संसद में) पर चर्चा करे. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आगे कहा कि मोदी जी को इस चुनाव से सबक लेना चाहिए , मोदी जी का मैजिक खत्म हो रहा है. उन्होंने आगे कहा कि तीन चुनाव लडे, एक में जीते है. गुजरात में घर घर गए, इतने विकासशील होने के बावजूद घर घर क्यों गए। साम्प्रदयिक ध्रुवीकरण करना पड़ा. मोदी जी का मैजिक उनसे दूर जा रहा है. उन्होंने आगे कहा कि अग्निवीर को ऐसे दिखाया तो अब हिमाचल में क्या हुआड़ राहुल जी से इनकी मुकाबला 2024 में होगा. मोदी जी चाहते है वो हिंदुस्तान में गुरु बने बाकि सब चेला बने. उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी राहुल गाँधी से डरते है. क्योंकि कोई सर उठा के अगर बात करता है तो वो है हमारे नेता राहुल गांधी है.



गौरतलब है कि हिमाचल विधानसभआ में बीजेपी को कांग्रेस के सामने करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है. जबकि, उपचुनाव में भी हार मिली है. हालांकि, बीजेपी ने जहां मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में ऐतिहासिक जीत के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में करीबी लड़ाई के बाद कांग्रेस से हार गई और पर्वतीय राज्य ने लगभग चार दशकों से चली आ रही उस परंपरा को बरकरार रखा, जहां बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों को बारी-बारी से शासन करने का मौका मिलता रहा है. कांग्रेस नेताओं ने हिमाचल प्रदेश में जीत का श्रेय अपनी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा को दिया। पार्टी की यह जीत उसका हौसला बढ़ाने वाली है. गुजरात में मोदी की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई और उन्होंने 31 चुनावी रैलियों को संबोधित कर अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी के लिए जमकर प्रचार किया. राज्य में तीन-चौथाई से अधिक बहुमत हासिल कर भाजपा ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए. भाजपा की आंधी में कांग्रेस राज्य में अपने सर्वाधिक निचले स्तर पर चली गई तथा बड़े-बड़े दावे करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) भी उसे कोई टक्कर नहीं दे पाई. भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने कहा कि राज्य में पार्टी के 60 वर्षीय मृदुभाषी चेहरे भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री बने रहेंगे और उनका शपथग्रहण समारोह 12 दिसंबर को होगा.



# मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** विकास खंड भिण्ड में मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन बालक वर्ग कबड्डी में विजेता ष्ट्रक्ष् भिण्ड उपविजेता महात्मा गांधी फूप टीम रही बालिका वर्ग विजेता भिंड ष्ट्रू राइज न 2 एवं उपविजेता शासकीय हाई स्कूल ब्लॉउ वॉलीबाल बालक लहरौली वर्ग उपविजेता टैगोर स्कूल बालिका वर्ग में राय स्कूल 2 विजेता एवं उपविजेता ष्ट्रू राय स्कूल2 एवं फुटबॉल बालक वर्ग मे 11 स्टार रही एवं उपविजेता ह्स्न्नष्ट भिंड रही छात्र एवं,कुश्ती, एथलेटिक्स, आदि खेलो में भाग लिया और विजेता - उपविजेता रहे। विशष्ट अतिथि के रूप पुलिस कप्तान शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और जिले का नाम रोशन करे ।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग भिण्ड के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी स्पोर्ट्स कंपलेक्स भिंड में किया गया वॉलीबॉल, खो खो, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स, खेल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मिक रही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील बाल्मीकि एवं 17 बटालियन उप सेनानी शैलेंद्र भारती एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार खरपुसे रहे ब्लॉक भिण्ड कॉर्डिनेटर साधना तोमर ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया अतिथियों द्वारा फाइनल मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उत्साहवर्धन किया कहा कि आप मन लगाकर खेलें अनुशासन में खेलो खेल से अब आपको बहुत फायदे हैं खेल से आपकी पहचान बनती है आप अच्छी जॉब पा सकते हैं और नाम कमा सकते हैं इसलिए मेहनत के साथ खेले और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें इस अबसर पर उपस्थित सभी युवा खिलाड़ियों विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन जिला खेल प्रशिक्षक संजय सिंह ने किया विशेष सहयोगी के रूप में,रामबाबू कुशवाहा ,खो-खो एसोसिएशन के सचिव प्रमोद गुप्ता,बृजेश शर्मा,अवध नारायण खेमरिया, राजा मथुरिया,विष्णु त्रिपाठी ब्रजबाला यादव ,योगिता यादव, युवा समन्वयक लहार अनिल श्रीबास, नीरज बघेल,स्कूल के समस्त स्टाफ आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# यातायात नियमो का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बच सकते हैः थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच

## पचासा मैदान थाना प्रागण में यातायात नियमों के पालन हेतु छात्रों को दिलाई गई शपथ

**मुरैना।** जन जागरूकता अभियान के तहत मुरैना जिले के अम्बाह थाना पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन करने हेतु थाने पर छात्र एवं आम जनों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अनुसार अम्बाह थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच एवं थाना स्टाफ पुलिस टीम ने व युवा एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिए गए आदेश के तारतम्य में जिला पुलिस अधीक्षक मुरैना आशुतोष बागरी के निर्देश पर जन जागरूकता अभियान के तहत यातायात नियमों की जानकारी एवं पालन हेतु किया जा रहा है। जिसमें लोगों को जागरुक कर यातायात नियमों को पालन करने की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के अनुसार थाना प्रभारी जितेन्द्र नगाइच ने छात्र व आमजन को बताया कि आप यातायात नियमों का बखूबी पालन कर भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से लोगों को बचा सकते हैं एवं



स्वयं को भी बचाया जा सकता है। यातायात नियम का पालन करना हर व्यक्ति एवं चालक की जिम्मेदारी है कि वह यातायात नियमों का सही तरीके से पालन करें और आने वाली दुर्घटनाओं से सुरक्षित बचे। अमूमन देखा गया है कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण कई दुर्घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें दुर्घटनाग्रस्त होने पर कई लोगों की मृत्यु एवं घायल हो जाते हैं। जिससे उन्हें जीवन भर का दंश झेलना पड़ता है। अगर हम सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करेंगे तो निश्चित रूप से लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। यातायात नियमों में खासतौर पर चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना, धूम्रपान नहीं करना, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाना, बाइक चालक हेलमेट का प्रयोग करें और शराब पीकर बाइक को कतई ना चलाएं, और सवारी गाड़ी में अत्यधिक सवारी न बिठाए। इन नियमो का पालन एवं जागरूक होकर लोगों को बचा सकते हैं। इस दौरान छात्रो ने शपथ लेते हुए यातायात नियमों का पालन करने की बात कही...



# नामांतरण बटवारा के प्रकरण को समय सीमा में निपटाएः संभागायुक्त

## राजस्व अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

**जगदीश पाल रिपोर्टर**
**खनियाधाना**

**शिवपुरी।** संभागायुक्त दीपक सिंह शुक्रवार को शिवपुरी जिले के भ्रमण पर आए और उन्होंने राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। नामांतरण बंटवारा और सीमांकन के 3 माह से अधिक से जो प्रकरण लंबित हैं उसके लिए समय सीमा निर्धारित करें। उन्होंने 30 दिसंबर तक प्रकरण निराकरण के निर्देश दिये हैं। इस दौरान कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

संभागायुक्त दीपक सिंह ने समस्त एसडीएम को मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए अभियान चलाकर काम किया जा रहा है। इसमें नए मतदाता को जोड़ा जा रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम पूरी शुद्धता से होना चाहिए। निर्वाचन के समय इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में राजस्व वसूली के संबंध में भी संभागायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में समस्त एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त



## संभागायुक्त दीपक सिंह शुक्रवार को शिवपुरी भ्रमण पर रहे

**जगदीश पाल रिपोर्टर**
**खनियाधाना**

**शिवपुरी।** इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की। शिवपुरी जिले में 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई हैं। संभागायुक्त ने शिवपुरी पहुंचकर अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियां के संबंध में बैठक की। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पोलो ग्राउंड का भी जायजा लिया। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह से कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी ली। विदित हो कि 13 दिसंबर को शिवपुरी जिले में जनसेवा अभियान के हितग्राहियों को लाभ वितरण करने के लिए संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होना प्रस्तावित है। संभागायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा है कि कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हितग्राही और आमजन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम स्थल तक आने जाने वाले मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे। इसके लिए प्लानिंग करें। पार्किंग स्थल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत और साफ सफाई आदि का ध्यान रखा जाए।

# नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ने छात्रों को बताएं सड़क सुरक्षा जागरूकता के नियम



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट के जिला समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर के दिशानिर्देश में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरी कला के द्वारा

## छात्रों को दिलाई शपथ

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मोहाझरी में 9 दिसंबर को संस्था के कार्यक्रम नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरीकला सचिव रविप्रकाश गौतम एवं परामर्शदाता अशोक घरते के द्वारा संस्था में अध्यनरत समस्त छात्रों को शपथ दिलाई गई, कि बिना लाईसेंस वाहन नहीं चलाएंगे। वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य करेंगे, दो पहिया वाहन चलाते समय 2 व्यक्तियों से अधिक सवारी नहीं बैठेंगे। वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करेंगे। चार पहिया वाहन चलते समय सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे, सड़क दुर्घटना में घायल का सहयोग करेंगे। इस दौरान मेंटर्स अशोक घरते, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सावरी कला से अध्यक्ष मुनेश पटले, उपाध्यक्ष धनसिंह गौतम, सचिव रविप्रकाश गौतम, कोषाध्यक्ष श्याम चरण पारधी एवं सहसचिव प्रदीप ठाकरे, सदस्य पवन बघेल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र अवसरे, सुरेंद्र पटले, अनिल ठाकरे गिरिपुंजे अनिल अवस्थी एवं अन्य शिक्षक शिक्षिका, भ्रत्य अशोक यादव एवं छात्र छात्राएं शामिल रहे।



# हितग्राही भुगतमान पेंशन के सरपंच झूठ बोलता है बिना टेंशन के

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग–** विकासखंड देवभोग के ग्राम पंचायत खोखसरा में मीडिया को जानकारी मिलते ही पेंशन कि पड़ताल करने पहुंचने पर पता चला कि पेंशन व्यवस्था का हाल बेहाल है।हितग्राहि रैवारी कश्यप कहती है की मुझे 6 महीने से पेंशन प्राप्त नही हुई है। तो वहीं सुकन डोंगरे कहती है कि मुझे 6 महीने से नही मिला पेंशन गूंगा धर्मेंद्र कश्यप अब तक तरस रहा है पेंशन को ।दिव्यांग धनमत सालों से गिड़गिड़ा रहा पेंशन को तपेस्वर सिन्हा दर बदर भटकने को मजबूर है पेंशन को ।भागीरथी कश्यप बेहद गरीब परिवार से है किंतु 4 महिने से पेंशन नही मिलने के कारण चावल बेचकर जैसे तैसे जीवन यापन कर रहा है। धनमती कश्यप कहती है बार बार सरपंच को बोलने के बावजूद 8 महीने से अब तक नही मिला पेंशन, तपेस्वर सिन्हा मुखबधिर है लेकिन अब तक पेंशन के लिए लाख कोशिश करने के बावजूद पेंशन के श्रेणी से है बाहर।रत्नी यादव बेहद बुजुर्ग है बस पेंशन ही उसका सहारा है लेकिन लगभग 5 महीने से अब तक नही मिला पेंशन, बुधवारी नायक को लगभग 2 महीने से नही मिल पा रहा है पेंशन जिसके कारण नही चलापा पा रही परिवार । विकासखंड देवभोग में विभिन्न प्रकार के श्रेणी के सरपंच पाए जाते हैं,कोई गोबर खा जाता है तो कोई सड़क खा जाता है। कोई 14 वें वित्त कि राशि खा जाता है तो कोई 15 वें वित्त कि राशि डकार जाता है। देवभोग प्रशासन के निष्क्रिय कार्यप्रणाली के चलते ऐसे खुसखोर लूटमार करने वाले सरपंच हमेशा से बचते आ रहे हैं।कब बहेगी देवभोग के पंचायतों में विकास की गंगा कब थमेगी भ्रष्टाचार की गटर ये सोचने वाली बात है। देवभोग की जनता बेहद भोली भाली है जिसका फायदा प्रशासनिक अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि अब तक उठाते आ रहे है। किसी को कोई चिंता नही ना ही किसी को कोई मतलब, जिस क्षेत्र में बूड़े बुजुर्ग का पैसा खा दिया जा रहा उस क्षेत्र में विकास की उमीद कैसे रखें। जिम्मेदार अधिकारी समय अवधि के अंतराल में क्यों नही लेते पेंशन का उपटेड। क्यों नही सुधर पा रही पेंशन व्यवस्था पेंशन के सहारे जीवन यापन करने वाले बुजुर्गो का कौन लेगा संज्ञान ओर कौन करेगा इनकी मदद।




**खोखसरा सरपंच सबका पेंशन दे दिया गया है**

# सपा की मैनपुरी जीत से सपाइयों में उत्साह : नीरज यादव

## मैनपुरी ने दिया सन्देश देश बचायेंगे चाचा शिवपाल और भतीजे अखिलेश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मैनपुरी उपचुनाव में श्रीमती डिंपल यादव को मिली ऐतिहासिक



जीत व सपा और आरएलडी समर्थित खतौली विधान सभा में मिली जीत के साथ आम चुनाव गुजरात में 1 सीट सपा ने भी हासिल की ,इस




जीत पर भिण्ड में भी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में उत्साह था। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष नीरज यादव ने कहा कि, यह जीत गरीब, मजदूरों, मजलूम, किसान, वेरोजगार नौजवान, पीड़ित महिलाओं और शोषितों की है, जिस तरह से उत्तर प्रदेश में अन्याय जिस चरम पर था, उसके खिलाफ जनता का आक्रोश था। समाजवादी पार्टी के साथ आज किसान नौजवान हर वर्ग साथ खड़ा है ,इस अलोकतांत्रिक व्यवस्था को रोकते हुए बीजेपी के अन्याय और अत्याचार को रोकने का कार्य आम कार्यकर्ताओं ने किया है,यह जीत आम कार्यकर्ताओं की जीत है, नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि हैं, मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी का एक मजबूत संगठन हम सब लोग मिलकर बना रहे हैं,हमें पूरा भरोसा है कि भिण्ड जिले में भी हम एक अच्छा मजबूत संगठन खड़ा करेंगे,पार्टी से प्रतिदिन नए-नए लोग पार्टी की नीतियों सिद्धांतों से प्रभावित होकर नेताजी व सपा राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के द्वारा किए गए जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर निरंतर नए लोग पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं, लोग सपा के साथ आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा में हुई ऐतिहासिक जीत नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

# जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश की प्रांतीय बैठक के साथ सम्मान समारोह

**पुष्पांजलि टुडे**
**रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह**

**विदिशा/आरोन।** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ नई दिल्ली से संबंध जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जम्प) की ओरोन इकाई पत्रकारों द्वारा प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में गुना, अशोकनगर, विदिशा ,शिवपुरी, राजगढ़, भोपाल जिले के आए पत्रकारों का प्रांतीय सम्मेलन एवं समस्त आए पत्रकारों का सम्मान समारोह का आयोजन राधौगढ रोड के सूरज मैरिज गार्डन में किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह उपस्थित रहे। जैसलमेर सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।आरोन के पत्रकार संघ द्वारा पत्रकार कालोनी व पत्रकार भवन हो की मांग रखी गई..तो इसी मौके पर ही पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह ने नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन को मौके पर ही आगामी होने वाली पी.आई.सी. की बैठक में पत्रकारों की मांग पर पत्रकार कॉलोनी हेतु प्रस्ताव पारित करने एवं वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पुरानी नगरपलिका के मीटिंग हॉल को पत्रकार संघ आरोन के लिए आवंटित करने के लिए निर्देशित किया गया ! डॉक्टर नवीन आनंद एवं अन्य वक्ताओं द्वारा भी उपस्थित जनों को संबोधित किया गया..इस मौके पर विधायक




एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह के मुख्य अतिथि एवं जम्प के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम का आयोजन आरोन इकाई के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। इसमें आसपास के जिलों गुना, अशोकनगर, विदिशा, राजगढ़,भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से आये सैंकड़ों पत्रकारों ने भाग लिया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले पत्रकारों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक जयवर्धन सिंह ने पत्रकारों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान हेतु भी आश्वासन दिया और आरोन में पत्रकार भवन हेतु शीघ्र भवन उपलब्ध कराने बावत संबधित जनप्रतिनिधियों को मंच पर ही निर्देशित भी किया। पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाने की मांग पर पूर्ण सहयोग करने का भी आश्वासन उन्होंने दिया। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जोशी ने उपस्थित पत्रकारों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्त समस्याओं एवं परेशानियों के लिए वह संगठन के माध्यम से आवाज उठायेंगे और भोपाल स्तर पर उनके समाधान हेतु सहयोग भी करेंगे। कार्यक्रम को (जम्प) के वरिष्ठ पदाधिकारियों रईसा मलिक, सैफ मलिक तथा डा. हिदायत अहमद खान ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन धमेन्द्र शर्मा तथा आभार प्रदर्शन डा. बाबर मुगल आदि पत्रकारों ने किया।मुख्य अतिथि जयवर्धन सिंह द्वारा सभी पत्रकार साथियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम आयोजन समिति के मुकेश सक्सेना जिलाध्यक्ष गुना जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मप्र, मनोजलाल अहिरवार प्रदेश सचिव नेशनल मीडिया फाउंडेशन, राहुल सक्सेना ब्लॉक अध्यक्ष आरोन, पंकज दुबे, राकेश जैन जिला सदस्यता प्रभारी, लखन रघवंशी, श्याम टांडेल, सुनील पाठक, रूस्तम खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# "महिला हिंसा उन्मूलन" हेतु ग्वालियर पुलिस का स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान

**रहीश भैया 7869883786**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर महिला हिंसा उन्मूलन हेतु संपूर्ण मध्यप्रदेश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा भी जिले में ''महिला हिंसा उन्मूलन'' हेतु जिले के सार्वजनिक स्थानों, स्कूल कॉलेज तथा शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिये जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत एसडीओपी घाटीगांव/महिला सेल प्रभारी सुश्री हिना खान द्वारा लगातार ग्वालियर के स्कूल-कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों में जाकर ''महिला हिंसा उन्मूलन'' कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना घाटीगांव क्षेत्र में स्थित उत्कर्ष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एसडीओपी घाटीगांव सुश्री हिना खान एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''महिला हिंसा उन्मूलन'' जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी देकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया तथा मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी घाटीगांव ने कहा कि किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना, कामकाजी महिलाओं पर टिप्पणी करना, छात्राओं पर बातचीत करने के लिए दबाब डालना, छेड़छाड़ होने पर तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचित करना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला हिंसा व उनके साथ भेदभाव करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिये अनेक कानून बनाये गये हैं। इस अवसर पर उन्होने छात्राओं को गुड़ टच और बेड टच के बारे में भी बताया। इस दौरान थाना प्रभारी घाटीगांव



शैलेन्द्र सिंह गुर्जर एवं थाना स्टाफ मौजूद रहा
आज थाना प्रभारी इन्दरगंज निरीक्षक अनिल सिंह भदौरिया द्वारा अपनी टीम के साथ गर्ल्स स्कूल में स्कूली छात्राओं को कानूनी प्रावधानों से अवगत कराते हुए डायल 100 सेवा के संबंध में जानकारी दी गई। इसी प्रकार थाना गिरवाई क्षेत्र में थाना प्रभारी रघुवीर मीणा द्वारा शासकीय कन्या विद्यालय सिकन्दर कम्पू में उपस्थित छात्राओं को जागरूक किया गया और उन्हे बताया गया कि किसी भी आपात स्थित में तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# शिवपुरी किसानों में छाया हर्षोल्लास, सनशाइन क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के उत्पादकों से किसानों को फसलों में मिल रहा शानदार प्रदर्शन

## ग्राम कोडावदा तहसील वा जिला शिवपुरी में सनशाइन क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित फसल प्रदर्शन कार्यक्रम सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** टमाटर सन 603 एवं मिर्च सन 211 सन 226 के, पर फसल प्रदर्शन कार्यक्रम की जानकारी के साथ सनशाइन क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित फसल प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम कोडावदा तहसील एवं जिला शिवपुरी प्रगतिशील किसान पुरुषोत्तम रावत जी के यहां पर, लगभग 400 से अधिक किसानों ने टमाटर सन 603 की फसल देखी और मिर्च सन 211 और सन 226, सभी किसानों ने माना कि विपरीत परिस्थितियों में टमाटर सन 603 मिर्च सन 211 और सन 226 का उत्कृष्ट प्रदर्शन है उन्होंने माना कि शिवपुरी क्षेत्र में यह सबसे शानदार प्लाट है और शानदार परफॉर्मेंस आ रहा है सन 603 का सभी क्षेत्रों में क्योंकि वह व्हाट्सएप के माध्यम से अन्य किसानों के समूह से जुड़े हुए हैं जहां उन्हें जानकारी प्राप्त हो रही है। वैरायटी का परफॉर्मेंस देखकर किसानों में बहुत हर्षोल्लास था। शिवपुरी से सनशाइन क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत विक्रेता में में. भैरव कृषि सेवा केंद्र से नरेश रावत जी ने प्लाट का मुआयना किया और वैरायटी की तारीफ की। कंपनी प्रतिनिधि मनीष जी पाटीदार और सतीश रावत जी ने पूरी कार्यक्रम की तैयारी की और उनके साथियों ने पूरी कार्यक्रम की तैयारी की और कार्यक्रम को सफल बनाया। कंपनी की ओर से पधारे कंपनी के बिजनेस हेड श्री ब्रजेश पचौरी ने कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया सनशाइन क्रॉप साइंस पिछले तीन वर्ष से ट्रायल डेमो कर रही थी। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में, 2021 से कंपनी ने बिजनेस शुरू किया है और शुरुआती दौर में उन्होंने थोड़ा-








थोड़ा मटेरियल किसानों को उपलब्ध कराया और सभी जगह सभी वैरायटियों के बहुत शानदार रिजल्ट आ रहे हैं, उन्होंने सन 603 के बारे में बताया कि यह अत्यधिक उत्पादन देने वाली टमाटर की देसी प्रकार की किस्म हैं इसके फलों की कीपिंग क्वालिटी बहुत शानदार है रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत अच्छी है और आप इसे वर्ष भर लगा सकते हैं इसके अलावा उन्होंने टमाटर सन 602 के बारे में जानकारी दी खीरा सन 108 के बारे में जानकारी दी व अन्य उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी और मिर्च की जानकारी देते हुए बताया उन्होंने कि सनशाइन क्रॉप साइंस के वैज्ञानिक सभी फसलों पर बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं और जो मिर्च की वैरायटी दी हैं सन 211 सन 226 सन 209 सन 222 और अन्य वैरायटी उनमें वायरस के प्रति लड़ने की क्षमता है। पूरे भारत में सनशाइन क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के वैरायटियों का प्रदर्शन बहुत शानदार आ रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रगतिशील किसान जिनके यहां कार्यक्रम था, उनका श्री ब्रजेश पचौरी जी के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जो प्रगतिशील किसान हैं वह शामिल हुए बल्लू रावत जी, दौलत रावत जी, सुनील रावत जी, किशन रावत जी, मुकेश जी ओझा, प्रदीप रावत जी, मनोज रावत जी, महेश रावत जी, भारत रावत जी, पंजाब रावत जी, सुग्रीव रावत जी, रणजीत रावत जी, रवि रावत जी, रोरीलाल रावत जी, प्रदीप रावत जी, कृष्णा चंदेल जी, अजमेर यादव जी, रामेश्वर रावत जी, गोविंद रावत जी, दिनेश रावत जी, रामस्वरूप रावत जी और अन्य बहुत बड़े प्रगतिशील किसान कार्यक्रम में शामिल हुए, मनीष पाटीदार जी ने सभी किसानों को कार्यक्रम से जुड़ने के लिए धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया।

# भाजपा नेता के प्रयासों से मिला किसानों को खाद



**रहीश भैया 7869883786**

विधानसभा भितरवार ग्राम चीनोर में खाद वियर हाउस भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह राठौर ने सभी किसानभाइयों के साथ खाद वियर का निरीक्षण किया ! एवं किसानों की समस्याओ के बारे में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट जी को अवगत कराया जिसके पश्चात प्रभारी मंत्री सिलावट ने ग्वालियर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भितरवार विधानसभा चीनोर के किसानों को खाद की परेशानी द्वारा चीनोर खाद वेयर हाउस को खुलवा कर पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था किसानों के लिए की गई। जिसको लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर ने सभी कार्यकर्ताओं एवं किसान भाइयों के साथ पहुंच कर वियर हाउस का निरीक्षण किया एवं खाद की समस्याओं को देखते हुए चीनोर वेयर हाउस पर दुवाहा, पिपरौआ, कटरोल आदि गांव के किसानों की मांग को देखते हुए चीनोर वेयर हाउस पर ही खाद वितरण करने का आदेश दिए। चीनोर वेयर हाउस पर खाद वितरण होने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। अंचल के किसान भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह राठौर जी का शुक्रिया अदा कर रहे। ईस अवसर पर सरपंच संजय खटीक जनपद सदस्य गुड्डू तोमर रवेंद्र शास्त्री निरपत सिंह किरार , राजपाल गुर्जर , सन्नी सरदार एवं समस्त कार्यकर्ता एवं किसानभाई सम्मिलित रहे।




# विद्यार्थियों की याददाश्त बढ़ाता है प्राणायामः चाकणकर

## विद्यार्थियों को दिलाई यातायात के नियमों की शपथ

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** विद्यार्थी अगर नियमित प्राणायाम का अभ्यास करें तो उनके दिमाग में तनाव नहीं रहता है और वे पढाई पर अच्छी तरह ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। प्राणायाम करने के लिए सांस को धीमी गति से अंदर खींचकर फिर उसे धीमी गति से ही बाहर निकालना होता है।यह बात जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय हाईस्कूल जमाहर में



विद्यार्थियों को योगाभ्यास के दौरान कही। श्री चाकणकर ने कहा कि प्राणायाम हर उम्र के व्यक्ति के लिए फायदेमंद है। परंतु छात्र जीवन में आने वाले तनाव को दूर करने में प्राणायाम बहुत लाभदायक है। इसकी मदद से याददाश्त और एकाग्रता बढ़ती है। जिला योग प्रभारी श्री चाकणकर ने इस अवसर पर बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विकासखंड योग प्रभारी डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर तथा योग क्लब प्रभारी श्रीमती रेखा शर्मा भी उपस्थित थीं।

# मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भिण्ड में किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग भिण्ड के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भिण्ड में किया गया। वॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स खेल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने सभी युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और जिले का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार खरपुसे,17 बटालियन उप सेनानी शैलेंद्र भारती, सुनील बाल्मीकि उपस्थित रहे। ब्लॉक भिण्ड कॉर्डिनेटर साधना तोमर द्वारा अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा फाइनल मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी युवा खिलाड़ियों, विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को मैडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला खेल प्रशिक्षक संजय सिंह ने किया। विशेष सहयोगी के रूप में श्री रामबाबू कुशवाहा, खो-खो एसोसिएशन के सचिव श्री प्रमोद गुप्ता, बृजेश शर्मा, अवध नारायण खेमरिया, राजा मथुरिया, विष्णु त्रिपाठी, ब्रजबाला यादव, योगिता यादव, युवा समन्वयक लहार अनिल श्रीवास, नीरज बघेल, स्कूल स्टाफ, आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।



# बेटी ने अपने समाज का ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है

**राहुल सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**
**संतोष सिंह भदौरिया**

**गोरमी।** आर्मी लेफ्टीनेंट नर्सिंग ऑफिसर पद पर चयनित होने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार पथवारी माता मंदिर सुकाण्ड जिला भिंड पर किया गया जिसमे ग्वालियर चंबल के सर्व समाज के वरिष्ठजन,नेता, समाजसेवी, प्रबुद्धजनों ने भाग लिया मां पथवारी के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने लेफ्टिनेंट नर्सिंग ऑफिसर रूबी गुर्जर का सम्मान किया इस अवसर पर जनपद सदस्य ग्वालियर श्री दशरथ सिंह गुर्जर लक्ष्मणगढ़ ने चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोंग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल सिंह भदौरिया ने कहा इस बेटी ने अपने समाज का ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया हे हमें समाज को ये संदेश देना चाहिए की हमारे बेटियाँ किसी से कम नहीं हे ओर बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उन्हें



आगे बड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए इस अवसर पर श्री रंजीत सिंह गुर्जर, ग्वालियर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेंद्र घुरैया गुर्जर पारसेन ग्वालियर, आप ग्वालियर जिला अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह कराना गुर्जर, युवा नेता श्री धर्मवीर सिंह गुर्जर गुतोर, श्री भागीरथ सिंह गुर्जर मेहगांव( श्रीमती आरती आकाश सिंह गुर्जर), निरोत्तम सिंह गुर्जर पटेल जिला पंचायत सदस्य लावन,ब्रजेन्द्र सिंह नरवरिया प्राचार्य, पूर्व सरपंच लहर श्री भूपेंद्र सिंह गुर्जर, युवा समाजसेवी श्री चंद्रकांत सिंह गुर्जर ग्वालियर, सरपंच लावन श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, सरपंच, सरपंच शिकाहरा श्री जयेंद्र सिंह गुर्जर, आरोली श्री रामसुंदर सिंह गुर्जर,श्री मती हर्षिता गुर्जर समाजसेवी, गोलू सरपंच कचनाव,रविन्द्र सिंह शिक्षक रामगिलौला, स्द्ध ह्वश्च पुलिस श्री सचिन गुर्जर, श्री जयनारायण पत्रकार, श्री अशोक पटेल टीकरी, जसमीन गुर्जर,सत्यवीर शास्त्री,रामनिवास महाना जखोदा,आदि प्रबुद्धजन पधारे। मंच संचालन पथवारी माता भक्त मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर श्री लक्ष्मण सिंह गुर्जर ने किया।

# कांग्रेस की कुंडली में केजरीवाल का योग

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस की कुंडली में अरविंद केजरीवाल का योग बहुत भारी हो गया है। हर जगह केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की राजनीति कांग्रेस पर भारी पड़ रही है। केजरीवाल की पार्टी के कारण कांग्रेस ने 2013 में दिल्ली गंवाई थी और 2017 में दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस की वापसी की संभावना समाप्त हो गई तो केजरीवाल की पार्टी के कारण कांग्रेस ने इस साल पंजाब की सरकार गंवाई। अब गुजरात में भी आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का भट्ठा बैठा दिया है। पिछले विधानसभा चुनाव में 42 फीसदी वोट हासिल करने वाली कांग्रेस 27 फीसदी वोट पर अटकी है और उसकी विधानसभा सीटों की संख्या एक चौथाई रह गई, वह मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा भी हासिल नहीं कर पाई।

कांग्रेस की बाकी आधी सीटें केजरीवाल के खाते में नहीं गई है वह भाजपा के पास चली गई। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के 42 फीसदी वोट में से 13 फीसदी वोट हासिल किया और पांच सीटें जीतीं लेकिन कांग्रेस के वोट में बंटवारे का फायदा भाजपा को मिला और वह डेढ़ सौ सीटों के पार पहुंच गई। ध्यान रहे पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करीब 42




फीसदी वोट और 77 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 49 फीसदी वोट और 99 सीटें मिली थीं। कई चुनावों के बाद पहली बार ऐसा हुआ था कि भाजपा एक सौ सीट के नीचे रह गई थी, जबकि उसका वोट पहले से बढ़ा था। आमने सामने के चुनाव की वजह से ऐसा हुआ था।

लेकिन इस बार आम आदमी पार्टी ने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी। हालांकि पार्टी के पास न कोई संगठन है और न कोई बड़ा नेता लेकिन आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की मुफ्त की रेवड़ी बांटने की घोषणाओं और दिल्ली, पंजाब के मॉडल ने गुजरात की एक बड़ी आबादी को आकर्षित किया। उनको लगा कि कांग्रेस के विकल्प के तौर पर आप को आजमाया जा सकता है। केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और भगवंत मान ने यह प्रचार किया कि दिल्ली और पंजाब के लोग कांग्रेस की जगह आप की सरकार बनवा कर खुश हैं। इस चक्कर में कांग्रेस समर्थकों का एक वर्ग आप के साथ चला गया।

ध्यान रहे जब भी सत्ता विरोधी वोट का बंटवारा होता है तो सत्तारूढ़ पार्टी को फायदा होता है। आप ने कांग्रेस का वोट काटा तो भाजपा की सीटें पिछली बार की 99 से बढ़ कर डेढ़ सौ के पार पहुंच गईं। इसी तरह 2012 में गुजरात परिवर्तन पार्टी ने चार फीसदी वोट हासिल किया तो 47 फीसदी वोट मिलने के बावजूद भाजपा 115 सीट जीत गई थी। लेकिन 2017 में वोट नहीं बंटा तो भाजपा ने 16 सीटें गंवा दी थी। बहरहाल, गुजरात में कांग्रेस का भट्ठा बैठाने के बाद केजरीवाल देश के उन सभी राज्यों में राजनीति करेंगे, जहां भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला है। हालांकि ऐसा वे भाजपा की बी टीम की तौर पर या भाजपा के कहने से नहीं करेंगे। ऐसा वे अपने फायदे के लिए करेंगे। उनको लग रहा है कि इस राजनीति से उनकी पार्टी बढ़ रही है। उनकी कोई प्रतिबद्धता भाजपा को हराने की नहीं है।

# भाजपा का वोट नहीं काट सके केजरीवाल

> **कांग्रेस की लड़ाई के बीच भाजपा का समर्थक ज्यादा एकजुट हुआ और भाजपा का वोट प्रतिशत 53 फीसदी से ऊपर चला गया**

गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले ऐसा लग रहा था कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी कुछ न कुछ वोट भाजपा का भी काटेगी। लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाई। उलटे अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस की लड़ाई के बीच भाजपा का समर्थक ज्यादा एकजुट हुआ और भाजपा का वोट प्रतिशत 53 फीसदी से ऊपर चला गया। असल में अरविंद केजरीवाल ने गुजरात चुनाव में हिंदुत्व का दांव खेला था। उन्होंने और उनकी पार्टी के दूसरे नेताओं ने बिलकिस बानो के बलात्कारियों के रिहाई पर कुछ नहीं बोला और उलटे कहा कि यह उनका मुद्दा नहीं है। केजरीवाल ने चुनाव के बीच भारतीय मुद्रा यानी रुपए पर गणेश और लक्ष्मी की तस्वीर लगाने का दांव चला।

परंतु गुजरात में केजरीवाल का दोनों में से कोई दांव नहीं चला। भाजपा समर्थक हिंदू मतदाताओं में उनकी अपील नहीं बनी। तभी भाजपा का वोट पिछली बार के 49 फीसदी से बढ़ कर 53 फीसदी पहुंच गया। उसके वोट में चार फीसदी का इजाफा हुआ। इससे यह बात भी साबित हुई कि अभी लोग क्लोन को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। उनके पास एक पार्टी के तौर पर भाजपा और हिंदू नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी व अमित शाह का विकल्प मौजूद है तो कम से कम उनके सामने किसी और को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हो सकता है कि गुजरात के बाहर दूसरे राज्य में केजरीवाल की अपील काम आए लेकिन गुजरात में वे भाजपा का वोट नहीं काट सके और कांग्रेस का करीब 13 फीसदी से ज्यादा वोट काट कर उसका भट्ठा बैठा दिया।

## खड़गे का मिला जुला संयोग

कांग्रेस के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बड़ी हार से स्वागत हुआ है। यह संयोग है कि ठीक पांच साल पहले राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे और उनका भी स्वागत हार से हुआ था। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने गुजरात में भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर दी थी। कांग्रेस को 42 फीसदी वोट मिला था और 77 सीटें मिली थीं। भाजपा और कांग्रेस के बीच सात फीसदी वोट का अंतर था लेकिन सीटों के मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने हार कर सत्ता गवां दी थी। सो, दोनों राज्यों में कांग्रेस हारी थी और हार से राहुल की पारी शुरू हुई थी।

ठीक पांच साल बाद खड़गे अध्यक्ष बने हैं और दो चुनावों की हार और जीत से उनका स्वागत हुआ है। दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस पार्टी इस बुरी तरह से हारी कि उसका वोट पिछले एमसीडी चुनाव के मुकाबले घट कर आधा रह गया और सीटों की संख्या 30 से घट कर नौ रह गई। इसी तरह गुजरात में कांग्रेस इतनी सीटें भी नहीं जीत पाई कि उसे मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिल पाए। उसे सिर्फ 27 फीसदी वोट और 16 सीटें मिली हैं। पिछली बार के मुकाबले उसने 61 सीटें गंवा दी हैं। सांत्वना के तौर पर हिमाचल प्रदेश में इस बार कांग्रेस जीती है। वहां हर पांच साल पर राज बदलने का रिवाज कायम रहा। कांग्रेस ने बहुमत के लिए जरूरी 35 से दो सीट ज्यादा जीती है।

## विपक्षी एकता बनने की संभावना बढ़ी

गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव नतीजों से समूचा विपक्ष बेकफुट पर है। गुजरात में कांग्रेस पार्टी का सफाया हो गया है और हिमाचल प्रदेश में भी वह बड़ी मुश्किल से मुकाबले में बनी रही। दिल्ली नगर निगम में 15 साल के राज के बाद भी भाजपा हारी पर उसका वोट प्रतिशत कम होने की बजाय बढ़ गया। सीटों की संख्या के मामले में भी एक्जिट पोल के तमाम अनुमान ध्वस्त हो गईं। भाजपा 104 सीट जीतने में कामयाब रही है। इसलिए अब विपक्षी पार्टियां सबक लेंगी और भाजपा के खिलाफ मजबूत मोर्चा बनाने का प्रयास करेंगी ताकि उसे आगे टक्कर दी जा सके। हालांकि अरविंद केजरीवाल की राजनीति इस समय में भी फल फूल रही है इसलिए वे अब भी विपक्ष की राजनीति से दूर रहेंगे।

हालांकि संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी पार्टियों की रणनीति बैठक बुलाई तो उसमें तृणमूल कांग्रेस के साथ साथ आम आदमी पार्टी के नेता भी



शामिल हुए। बाकी सारी पार्टियां तो इसमें शामिल हुई हीं। अब तक तृणमूल कांग्रेस विपक्षी राजनीति से दूरी बनाए हुए थी लेकिन अब उसे भी आशंका होगी की भाजपा उनके राज्य में अपना प्रदर्शन दोहरा सकती है। सो, संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष पहले की तरह बिखरा हुआ नहीं होगा, बल्कि एकजुट होगा और सत्र के बाद सारी पार्टियां विपक्ष का एकजुट मोर्चा बनाने के बारे में गंभीरता से विचार करेंगी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह मुद्दा उठाया कि तृणमूल कांग्रेस को एक भी संसदीय समिति की अध्यक्षता नहीं दी गई है। सुदीप बंदोपाध्याय भी इस मसले पर उनके साथ खड़े हुए।

## भाग्य भरोसे कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था

कोई राष्ट्रीय पार्टी या उसके नेता कैसे भ्रम का शिकार हो सकते हैं यह गुजरात चुनाव में कांग्रेस की राजनीति से साबित हुआ है। चुनाव प्रचार की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं से कह दिया कि वे सावधान रहें क्योंकि कांग्रेस दिख नहीं रही है पर गांवों में उसका प्रचार हो रहा है और उसके कार्यकर्ता घर घर जा रहे हैं। असल में ऐसा कुछ नहीं हो रहा था। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस बात को सच मान लिया। वैसे ही जैसे कोई कहे कि कौआ कान ले गया तो आप कान देखने की बजाय मानने लगें कि कौआ कान ले गया। कांग्रेस कहीं चुनाव नहीं लड़ रही थी। उसके पास न नेता था, न संगठन था और न कोई प्रचार का तंत्र था। इसके बावजूद कांग्रेस नेता इस भ्रम में बैठे रहे कि गांवों में उनका प्रचार हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी नहीं सोचा कि कौन प्रचार कर रहा है, कौन उनका नेतृत्व कर रहा है, नेता कौन है, स्टार प्रचारक कौन है, बस सब मानते रहे कि प्रचार हो रहा है। असल में गुजरात में कांग्रेस के पास कोई नेता नहीं था। यहां तक कि कांग्रेस ने गुजरात में चुनाव अभियान समिति का गठन तक नहीं किया था। प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता ऐसे लोगों को बनाया गया था, जिनकी पूरे गुजरात में पहचान नहीं थी। उनसे पहले भी प्रयोग के तौर पर दो ऐसे लोगों को अध्यक्ष और नेता विपक्ष बनाया गया था, जो अपने क्षेत्र से बाहर के लोगों के लिए अनजान थे। गुजरात के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी सरकार में मंत्री रहे रघु शर्मा के सहारे पार्टी चुनाव में उतरी थी। लेकिन पार्टी ने ही गहलोत को राजस्थान की अंदरूनी राजनीति में उलझा रखा था। सो, कांग्रेस जितनी भी सीटें आई हैं या जितना भी वोट मिला है वह भाग्य और उम्मीदवारों की अपनी मेहनत से मिल गया है या कुछ मजबूर मतदाताओं की कृपा से मिल गया है।

> जनसेवा के वादे के लिए चुनावों में उतरे जनसेवकों की छुपी मंशा भी समय-समय पर सामने आ ही जाती है। जनता ही है जो इन दलों के जनसेवकों को बार-बार मौका देती है।

# कमल खिला, हाथ हिला और झाड़ू भी चली

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव चलते ही रहते हैं। चुनाव ही जनता को अपने-अपने स्थानीय जनसेवक चुनने का अधिकार और आजादी देते हैं। इससे जनता को अपने जनादेश की ताकत का आभास भी होता है।चुनावों से ही लोकतंत्र चलता, टिकता और समृद्ध होता रहता है। जनता इन चुनावों के नतीजों से चलने, होने वाली जननीति को भी समझने लगती है। जनसेवा के वादे के लिए चुनावों में उतरे जनसेवकों की छुपी मंशा भी समय-समय पर सामने आ ही जाती हैं। जनता ही है जो इन दलों के जनसेवकों को बार-बार मौका देती है।

राज्यों के ताजा चुनावों के बीच कुछ जगह उपचुनाव भी हुए हैं। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए तो दिल्ली में नगर निगम चुनाव के नतीजे भी सामने हैं। तीन चुनावी राज्यों कीताजा राजनीतिक गणित इन राज्यों की जमीनी सच्चाई को दर्शाते हैं। तीनों राज्यों के चुनाव नतीजे जनता की मनोस्थिति बताते हैं।

दिल्ली की स्थिति सभी राज्यों से खास और अलग है।



दिल्ली की जनता के लिए इस बार के नगर निगम चुनाव बेहद खास रहे। पन्द्रह साल से दिल्ली में भाजपा ही नगर निगम चला रही थी। दिल्ली की जनता त्रिकोनी संकट में झुलती-जुझती रही थी। पन्द्रह साल से दिल्ली की नगर निगम में भी भाजपा ही चली आ रही थी। दिल्ली की जनता खुद को 'न तीन में न तेरह में' मान रही थी। पिछले कुछ सालों से दिल्ली की जनता का जनमत सीधा और साफ-सुथरा रहा है। लोकसभा चुनाव और केन्द्र में वे मोदी और भाजपा को चुनते रहे हैं। मगर विधानसभा और राज्य में उनको केजरीवाल और उनकी आप पसंद है। केन्द्र और नगर निगम में भाजपा, और बीच में आप के होने के कारण दिल्ली की जनता अपने विकास में भटकी रही है। इसलिए जनता ने अब राज्य सत्ता को ही महानगर के नगर निगम को चलाने का काम सौंपा है।

उधर गुजरात में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री मोदी की जीत माननी चाहिए। मोदी नाम का मुखमंत्र देश और उनके राज्य गुजरात पर छाया हुआ है। पांच दिन पहले मुझे सड़क रास्ते से अमदाबाद से राजकोट जाना हुआ। व्यापार कारोबारी गुजरात में ऐसा कुछ नया नहीं दिखा जो सारे देश में नहीं चल रहा हो। जमीन पर बढ़ता बोझ और गुजराती जीवन में बेरोज़गारी वैसी ही दिखी जैसी सारे देश में देखी जा सकती है। कहीं अंधाधुंध विकास की सड़न दिखी, तो कहीं विकास की साफ नज़रअंदाजी। लेकिन मोदी हैं तो सब मुमकिन है। गुजरात में न तो भाजपा जीती, न भाजपा के नेता। जीता तो सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की है। मोदी के व्यवहार और वाकपटुता के प्रति गुजरात और देश की आशा का जादू चलता दिख रहा है।

हिमाचल प्रदेश में पहाड़ी प्रतिष्ठा ने अपना पांच साला प्रबल संकल्प फिर दोहराया। हर पांच साल में राज्य सरकार बदल देने का रूख हिमाचल की जनता ने दर्शाया है। कठिन परिस्थितियों के प्रदेश में पांच साला सरकारों का जन-आधार विकास सीधा कारण रहता है। यह हिमाचल की जनता का अजूबा, एतिहासिक लोकतांत्रिक रवैया है। वहां की जनता किसी एक राजनीतिक दल पर पांच साल से ज्यादा भरोसा नहीं करती। ऐसे जनमत से जनता को सत्ता के भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में भी मदद मिलती है। जनसेवकों को जमीन से जुड़े रहने के लिए जनता से जोड़ती है। उन्हें जमीन पर रखती है। इसको वहां के जनसेवकों को जनता की आशाओं पर सत्ता के काम करने का आदेश भी मानना चाहिए।

जो हो, जनता के अलग-अलग सिर माथे पर। जनता है तो उसके जनादेश के होंगे ही। लोकतंत्र टिका रहेगा और सत्ता आती-जाती रहेगी। सत्ता की सेवा नहीं, सेवा की सत्ता चलने दें। लोकतंत्र की जय जयकार है।

# गुजरात नतीजों की चर्चा में मोरबी व एंटी-इन्कम्बेंसी

> *रित्विक नाम के एक यूज़र ने लिखा कि ₹मोरबी में जिस पुल के गिरने से 144 लोगों की मौत हो गई थी, इसे महीने भर पहले फ़िटनेस सर्टिफिकेट दिया गया था। लेकिन वहाँ से बीजेपी के नेता का जीतना ये बताता है कि देश के लोगों की प्रथमिकता क्या है।₹वहीं मोलीन शाह सवाल करते हैं कि जहाँ हादसे में सौ से ज़्यादा लोगों की मौत हुई, वहाँ के नतीजे देख कर किसी को आश्चर्य नहीं हो रहा।*

राज्यसभा में बीजेपी के सांसद विनय तेंदुलकर ने लिखा कि गुजरात में बीजेपी ऐतिहासिक जीत की तरफ़ है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिंघल लिखते हैं कि भारत के चुनावी इतिहास में ये सबसे बड़ी लैंडस्लाइड जीत है। बीजेपी का वोट प्रतिशत 55 फ़ीसदी तक हो गया है।

डॉक्टर शर्मिला ने लिखा, ₹गुजरात ने आज साबित कर दिया कि बीजेपी का धार्मिक ध्रुवीकरण यहाँ पूरा हो चुका है। उम्मीद करते हैं कि भारत इस नतीजों को 2024 में नहीं दोहराएगा।₹

कुरल नाम के एक यूज़र ने लिखा, ₹27 साल बाद भी गुजरात में एंटी-इन्कम्बेंसी नहीं दिखी?₹

अलयराज नायडू ने लिखा, ₹प्रदेश में और देश में बड़े नेता पैदा करने में कांग्रेस पूरी तरह विफल रही है। अगर राहुल गांधी को लगता है कि वो देश को बचाना चाहते हैं तो उन्हें लीक से हटकर सोचना होगा। नहीं तो...

हर्ष सिंह नाम के एक यूज़र लिखते हैं, ₹एक बार फिर गुजरात ने सपष्ट कर दिया है कि उन्हें मुफ्त की रेवड़ी नहीं चाहिए। सोचिए 27 साल तक बीजेपी के लगातार सत्ता में रहने



के बाद भी लोगों ने यहाँ इसी पार्टी को वोट दिया है। ये 2024 के लोकसभा चुनावों की एक झलक है।₹

वहीं सुचित्रा दास लिखती हैं, ₹बीजेपी गुजरात के बिग बॉस हैं। आम आदमी पर्टी और कांग्रेस के लिए यहाँ स्थिति मुश्किलों से जूझते रहने की कोशिश करने वाली है।₹

मोरबी में बड़ा हादसा होने के बाद भी वहीं से बीजेपी नेता कांतिलाल अमृतिया की बढ़त पर कई लोग टिप्पणी कर रहे हैं।बीजेपी के एक नेता वाई सत्यकुमार ले लिखा है कि हादसे के दौरान कांतिलाल अमृतिया ने कई लोगों की जान बताई थी, वो सही मायनों में एक हीरो हैं।रित्विक नाम के एक यूज़र ने लिखा कि ₹मोरबी में जिस पुल के गिरने से 144 लोगों की मौत हो गई थी, इसे महीने भर पहले फ़िटनेस सर्टिफिकेट दिया गया था। लेकिन वहाँ से बीजेपी के नेता का जीतना ये बताता है कि देश के लोगों की प्रथमिकता क्या है।₹वहीं मोलीन शाह सवाल करते हैं कि जहाँ हादसे में सौ से ज़्यादा लोगों की मौत हुई, वहाँ के नतीजे देख कर किसी को आश्चर्य नहीं हो रहा।

यतीश नायर लिखते हैं, ₹बिलकिस बानो रेप मामला, मोरबी हादसा, भ्रष्टाचार, मौतें, इलेक्टोरल बॉन्ड्स, सांप्रदायिक भेदभाव और मानव विकास इंडेक्स में भारत का पीछे होना। गुजरात में किसी चीज़ से कोई फर्क नहीं पड़ता।₹

मानव विकास इंडेक्स में 189 देशों की सूची में भारत 131 नंबर पर है।

रिया नाम की एक यूज़र ने तंज कसते हुए लिखा, ₹गुजराती बहुत प्यार करने वाले लोग होते हैं, 100 से ज़्यादा लोग मरे, किसी भी व्यक्ति को हादसे के लिए ज़िम्मेदार मानते हुए गिरफ्तार नहीं किया गया, न किसी के ख़िलाफ़ चर्जशीट दायर हुई। लगता है कि लोगों का दिमाग़ उसकी जगह पर है ही नहीं। दुख की बात है।₹

राज नाम के एक यूज़र ने लिखा कि मोरबी हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद एक बार फिर वहाँ से बीजेपी को वोट देने के लिए आप लोगों को दोषी नहीं ठहरा सकते।

उन्होंने ट्वीट में लिखा, ₹आख़िरी बार ऐसा कब हुआ था कि बड़ी संख्या में मौतों के लिए किसी सरकार को दोषी ठहराया गया हो। मुझे लगता है कि इस तरह की घटनाओं के बारे में सोचविचार करने को लेकर वो लोग भीतर से मर चुके हैं।₹

वहीं शैंकी जी ने लिखा, ₹हाथरस में बीजेपी जीती, लखीमपुर खीरी में बीजेपी जीती, मोरबी में भी बीजेपी जीत रही है। गड़बड़ी ईवीएम में नहीं है बल्कि गड़बड़ी कहीं और है, शायद हम लोगों के भीतर ही गड़बड़ी है।₹

नीरव पटेल ने ट्वीट कर लिखा है, ₹बीजेपी गुजरात में जीत रही है, हिमाचल में कांग्रेस जीत रही है और दिल्ली के म्युनिसिपल चुनावों में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है। भारतीय वोटर सभी को खुश रख रहे हैं।₹

## एक नजर...



### अपर कलेक्टर ने शुलभ एवं सुरक्षित यातायात के लिए दिलाई शपथ

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों/कर्मचारियों को यातायात सुधार सप्ताह हेतु शुलभ एवं सुरक्षित यातायात की शपथ दिलाई। अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम ने अधिकारी/कर्मचारियों को 'मैं शपथ लेता हूँ/ लेती हूँ कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा/रखूंगी, यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराउंगा/ करवाउंगी, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हैलमेट पहनूंगा/पहनूंगी, कार चलाते समय हमेशा सीट बैल्ट लगाउंगा/लगाउंगी, कभी भी शराब पीकर गाडी नहीं चलाउंगा/ चलाउंगी, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूंगा/ करूंगी, मैं हमेशा एंबुलेंस और फायर बिग्रेड गाडियों को पहले जाने के लिये रास्ता दूंगा/ दूंगी एवं सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा/रहूंगी÷ की शपथ दिलाई।

### मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत हितलाभ शिविर का कुम्हारी खुर्द में हुआ आयोजन

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट



मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ दिया जाएगा। जिसमे केंद्र एवं राज्य सरकार के 14 विभागों की कुल 33 योजनाओं का लाभ सीधे दिया जायेगा। और इसी कड़ी में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत विकासखण्ड लांजी के ग्राम पंचायत कुम्हारीखुर्द में मुख्यमंत्री जन सेवा हितलाभ शिविर का आयोजन रखा गया, जिसमें सरपंच नेहल तुमेश्वर गौतम ,उप सरपंच उमेश डिबे , पंचगन, सचिव आशीष अगाशे,सहा.सचिव संजय चौहान एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जिसमें हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमे इंदिरा गाँधी वृद्धावस्था पेंशन के 10, पथ विक्रेता हितग्राही के 2 तथा खाद्यान्न पर्ची के 3 हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति पत्र दिया गया।

# विश्व टूर बैडमिंटन: लु गुआंग से भी हारे प्रणय

**बैंकॉक ■** भारत के एचएस प्रणय को गुरुवार को यहां ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में चीन के लु गुआंग जू से तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गये। केरल के रहने वाले 30 वर्षीय प्रणय को 84 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-23, 21-17, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच दूसरा मुकाबला था। इससे पहले उनकी भिड़ंत इस साल फ्रेंच ओपन में हुई थी और उस मैच में भी चीनी खिलाड़ी ने बाजी मारी थी।

प्रणय की ग्रुप ए में यह लगातार दूसरी हार है। वह बुधवार को अपने पहले मैच में जापान के कोडाई नाराओका से हार गए थे।



विश्व में 12वें नंबर के इस भारतीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला शुक्रवार को विश्व रैंकिंग में नंबर एक और ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से होगा। पहले दोनों मैच गंवाने के कारण प्रणय की नॉकआउट में पहुंचने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई हैं। प्रणय और लु दोनों ने सहज शुरुआत की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां कर दी जिसके कारण चीनी खिलाड़ी ने 6-4 से बढ़त हासिल कर दी। दोनों ने आक्रामक रुख अपनाया लेकिन लु का अपने शॉट पर अच्छा नियंत्रण था।

उन्होंने इंटरवल तक दो अंक की बढ़त बरकरार रखी। इसके बाद प्रणय ने दबदबा बनाया और 14-14 से स्कोर बराबर किया। इसके बाद उन्होंने 18-16 से दो अंक की बढ़त भी हासिल की। लु ने हालांकि जल्द ही स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया। प्रणय को एक गेम प्वाइंट भी मिला लेकिन वहां इसका फायदा नहीं उठा पाए। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद दो गेम प्वाइंट भी बचाए लेकिन तीसरे गेम प्वाइंट पर चीनी खिलाड़ी ने गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन लु इंटरवल तक एक अंक की बढ़त पर थे। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया तथा पहले 14-12 और फिर 18-13 से बढ़त बनाई। प्रणय ने चार गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर दूसरा गेम जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। निर्णायक गेम में प्रणय ने शुरू में 6-3 से बढ़त बनाई लेकिन इसके बाद उन्होंने गलतियां की जिसका फायदा उठाकर चीनी खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली थी। लु ने इसके बाद भी बढ़त बरकरार रखी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और जल्द ही स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। अंतिम क्षणों में दोनों खिलाड़ी जीत के करीब थे लेकिन चीनी खिलाड़ी के मैच प्वाइंट पर प्रणय का शॉट बाहर चला गया।

## विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए हम प्रतिबद्ध : नेहल तुमेश्वर गौतम सरपंच

सरपंच नेहल गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 17 सितंबर से 31 अक्टूबर 2022÷ तक भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ÷मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान÷ का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिस तरह से राज्य सरकार विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचे, यही सुशासन का मूल ध्येय है, और इसे द्रष्टिगत रखते हुए हमारे द्वारा पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान कराया जा रहा है। हम ग्राम के विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध है।

# विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी भारत की परीक्षा

महिला टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में मजबूत इरादे से उतरेगी।

**नवी मुंबई ■** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिये श्रृंखला की तैयारियां इतनी आदर्श नहीं रही हैं लेकिन खिलाड़ी शुक्रवार से यहां मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में मजबूत इरादे से मैदान पर उतरने के लिये प्रतिबद्ध होंगी। दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप शुरू होने में अभी दो महीने का समय है जिससे इन पांच मैचों के बाद हरमनप्रीत कोर की अगुआई वाली टीम को अपनी स्थिति का अच्छी तरह अंदाजा हो जायेगा।

श्रृंखला के शुरूआती मैच से तीन दिन पहले ही अचानक से मुख्य कोच रमेश पवार को बर्खास्त कर दिया गया और पूर्व भारतीय बल्लेबाज ऋषिकेश कानिटकर को बल्लेबाजी कोच के तौर पर सहयोगी स्टाफ की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

भारत ने अक्टूबर में एशिया कप जीतने में कामयाबी हासिल की, हालांकि टीम में ज्यादा ही प्रयोग किया गया जिसका खामियाजा उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच में मिली हार से उठाना पड़ा। हाल में भारत मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने में सफल रहा है लेकिन वह जीत तक नहीं पहुंच सका। ऐसा ही एक मुकाबला अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में हुई पिछली भिड़ंत रहा जिसमें उन्हें लक्ष्य का पीछा करते हुए हार मिली। बल्लेबाजी क्रम स्थिर दिखता है जिसमें स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के काफी रन जुटाने की उम्मीद है। उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा की शार्ट गेंद के खिलाफ कमजोरी को देखते हुए आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज उन्हें दबाव में ला सकती हैं। शेफाली को अगले महीने होने वाले अंडर-19 विश्व कप में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी दी गयी है। जेमिमा रोड्रिग्स ने राष्ट्रीय टीम में वापसी के बाद से अच्छी फॉर्म दिखायी है जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने भी निरंतरता हासिल की है। हरलीन देओल और यास्तिका भाटिया ने चैलेंजर ट्राफी में शानदार प्रदर्शन की बदौलत वापसी की।





लेग स्पिन गेंदबाजी आल राउंडर देविका वैद्य ने आठ साल के बाद टी20 टीम में वापसी की है और उनकी मौजूदगी से स्पिन आक्रमण में विविधता आयेगी। रेणुका ठाकुर पिछले छह महीनों से टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली तेज गेंदबाज रही हैं और वह बायें हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी से सहयोग मिलने की उम्मीद लगाये होंगी। वहीं एलिसा हीली (खेल से अनिश्चित ब्रेक लेने वाली मेग लैनिंग की अनुपस्थिति में) की अगुआई वाली आस्ट्रेलियाई टीम में भी कई नये चेहरे हैं। 19 साल की बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड से काफी उम्मीदें लगी हैं जिनके टीम में संन्यास ले चुकी रशेल हेन्स की जगह लेने की उम्मीद है।

**आस्ट्रेलियाई टीमः** एलिसा हीली (कप्तान), तहलिया मैकग्रा (उप कप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोला केरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिसा पैरी, मेग शट और अनाबेल सदरलैंड।

**भारतीय टीमः** हरमनप्रीत कोर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवनी, देविका वैद्य, एस मेघना, ऋचा घोष और हरलीन देओल।

## लाबुशेन और हेड के शतक, आस्ट्रेलिया के 330 रन

**एडीलेड ■** शानदार फॉर्म में चल रहे मार्नस लाबुशेन और ट्रेविस हेड के नाबाद शतकों और 199 रन की साझेदारी की बदौलत आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 330 रन बना लिये। लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन पारियों में अपना तीसरा शतक जड़ा और एडीलेड ओवल में वह 120 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

हेड ने दिन-रात्रि मैच में अपने घरेलू मैदान पर अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा और वह 114 रन बनाकर खेल रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने पिछले हफ्ते श्रृंखला के शुरूआती मैच में 164 रन से जीत दर्ज की थी जिसके बाद दोनों टीमों को चोटों के कारण टीम में बदलाव करना पड़ा। आस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

उस्मान ख्वाजा (61 रन) के 19वें टेस्ट अर्धशतक की मदद से डेविड वॉर्नर (21) के साथ पहले विकेट के लिये 34 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने मार्नस लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिये 95 रन जोड़े। ख्वाजा के आउट होने के बाद आस्ट्रेलियाई पारी थोड़ी लड़खड़ाई। कामचलाऊ तेज गेंदबाज डेवोन थॉमस ने 42वें ओवर में ख्वाजा को पगबाधा आउट किया। ख्वाजा ने फैसले की समीक्षा की लेकिन तीसरे अंपायर ने उनके आउट होने की पुष्टि की जिससे स्कोर दो विकेट पर 129 रन हो गया।

अगले ओवर में पूर्व कप्तान जेसन होल्डर ने अपनी ही गेंदबाजी पर स्मिथ का रिटर्न कैच लेकर उन्हें शून्य पर चलता किया जिससे आस्ट्रेलिया ने 11 गेंद में दो रन पर दो विकेट गंवा दिये। लाबुशेन और हेड ने फिर आस्ट्रेलियाई दबदबा कायम किया।

भारतीय फुटबाल

# संतोष ट्रापी: बदलाव की शुरुआत दिल्ली से

**नई दिल्ली ■** राजेंद्र सजवान उस समय जबकि पूरी दुनिया पर फीफा विश्व कप का नशा चढ़ा था भारतीय फुटबाल के कर्णधार इस सोच विचार में लगे थे कि कैसे भारतीय फुटबाल का भला हो सकता है और कैसे भारत भी फीफा कप में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकता है। फीफा कप के चलते भारतीय फुटबाल फेडरेशन (एआईएफएफ) इस बार हमेशा की तरह सोई नहीं रही। आखिर दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र क्यों विश्व कप में नहीं खेल पा रहा और कैसे भारतीय फुटबाल को बेहतर बनाया जा सकता है।

इस बारे में अध्यक्ष कल्याण चौबे और महासचिव शाजी प्रभाकरन ने फेडरेशन का पद भार सम्हालते ही चिंता व्यक्त कर दी थी और अब प्रयास भी शुरू हो गए हैं। शुरुआत संतोष ट्राफी राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप के साथ हो रही है, जिसे दिल्ली साकर एसोसिएशन दिल्ली सरकार के सहयोग से आयोजित करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कल्याण चौबे ने फेडरेशन अध्यक्ष का पद सँभालते ही सबसे पहली चुनौती संतोष ट्राफी को बताया था और कहा था कि राष्ट्रीय चैम्पियनशिप उनकी पहली प्राथमिकता होगी और हर हाल में उनकी टीम संतोष ट्राफी को फिर से जीवित करने और प्रमुख दर्जा देने के लिए दृढ संकल्प है।

चौबे-शाजी टीम ने प्रफुल्ल पटेल राज के काले अध्याय से ऊपर उठ कर प्रयास शुरू कर दिए हैं। संयोग से नई शुरुआत देश की राजधानी दिल्ली से हो रही है और संतोष ट्राफी के सेमी फाइनल और फाइनल सऊदी अरब में खेले जाएंगे, ऐसा संतोष ट्राफी को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली साकर एसोसिएशन द्वारा क्षेत्रीय आयोजन 23 से 31 दिसंबर तक राजधानी के नेहरू स्टेडियम, आंबेडकर स्टेडियम और छत्रशाल स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसमें मेजबान दिल्ली, गुजरात, त्रिपुरा, लद्दाख, उत्तराखंड और कर्नाटक की टीमें भाग ले रही हैं। फुटबाल दिल्ली के महासचिव आकाश नरूला के अनुसार सफल आयोजन के लिए कमेटियों का गठन कर दिया गया है। जिसमें डीएसए कोषाध्यक्ष लियाकत अली आयोजन समिति के चेयरमेन, आयोजन सचिव रिज़वान उल हक, दिल्ली सरकार के डीडी स्पोर्ट्स संजय अम्बास्ता को चेयरमेन, उपमुख्यमंत्री के पीएस सुरेंद्र जगलान को ऑनरेरी चेयरमैन बनाया गया है। डीएसए के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत उल्लाह के अनुसार पहली बार ऐसा मौका है जब दिल्ली सरकार ने दिल्ली की फुटबाल और खासकर संतोष ट्राफी जैसे आयोजन को अपना पूरा समर्थन और सहयोग देने की घोषणा की है।

## भारत ए ने बांग्लादेश पर शिकंजा कसा

**भारत ए ने पहली पारी में 310 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद बांग्लादेश ए को दूसरी पारी में दो करारे झटके देकर गुरुवार को यहां दूसरे अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना शिकंजा मजबूत कस दिया।**

**सिलहट ■** भारत ए ने पहली पारी में 310 रन की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद बांग्लादेश ए को दूसरी पारी में दो करारे झटके देकर गुरुवार को यहां दूसरे अनधिकृत टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना शिकंजा मजबूत कस दिया। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (157) के शतक और निचले क्रम के तीन बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 562 रन बनाकर समाप्त घोषित की। पहली पारी में 252 रन बनाने वाली बांग्लादेश की टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 49 रन बनाए थे।

इस तरह से वह अभी भारतीय टीम से 261 रन पीछे है। अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने जाकिर हसन (12) को जबकि सोरभ कुमार ने महमुदल हसन जॉय (10) को बोल्ड किया। स्टंप उखड़ने के समय सादमन इस्लाम 22 और मोमिनुल हक चार रन पर खेल रहे थे। इससे पहले भारत ए ने सुबह अपनी पारी पांच विकेट पर 324 रन से आगे बढ़ाई। ईश्वरन अपने कल के स्कोर में 13 रन जोड़कर आउट हो गए। इसके बाद जयंत यादव (83) और सौरभ कुमार (55) ने जिम्मेदारी संभाली और सातवें विकेट के लिए 86 रन जोड़े। निचले क्रम के एक अन्य बल्लेबाज नवदीप सैनी (नाबाद 50) ने भी अर्धशतक जमाया जबकि मुकेश कुमार 23 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ए की तरफ से मुशिफक हसन और हसन मुराद ने तीन-तीन विकेट लिए।

## समाचार-आसपास

### राष्ट्रीय फुटबॉल टीम खिलाड़ियों को मैच फीस देने की योजना: शाजी

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा कि अगर एआईएफएफ अपने वित्तीय स्रोतों को बढ़ाने में सफल रहता है तो राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों (पुरूष और महिला) को जल्द ही मैच फीस दी जायेगी। इस महीने के अंत में भारतीय फुटबॉल विकास के लिये 'रोडमेप' के अंतर्गत कई पहल की घोषणा की जायेगी। प्रभाकरण ने कहा कि कार्यकारी परिषद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के लिये मैच फीस शुरू करने का फेसला करेगी। उन्होंने हालांकि एआईएफएफ की बजट संबंधित बाधाओं के कारण इसके लिये कोई समय सीमा नहीं दी लेकिन संकेत दिया कि यह मोजूदा कार्यकाल के दोरान ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारी पुरूष और महिला टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस मिलनी चाहिए। हमें सिर्फ 'टोकन' राशि नहीं देनी चाहिए, इसकी आर्थिक अहमियत होनी चाहिए। प्रभाकरण ने कहा,अगर देश के लिये खेलने वाले एक खिलाड़ी आर्थिक रूप से कुछ हासिल नहीं कर रहा तो एक परिवार या समुदाय उसे एक सीमा के बाद केसे मदद करेगा। हम कार्यकारी समिति में इस मामले पर चर्चा करेंगे।

उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया कि एआईएफएफ का मोजूदा सालाना बजट 100 करोड़ रूपये से थोड़ा अधिक है जो तुंरत राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस देने की इजाजत नहीं देगा। लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि महासंघ एक स्तर तक वित्तीय स्रोतों को बढ़ाने में सफल रहेगा जिससे इस पहल को लागू किया जा सकेगा।

### नहीं बिछाई गई पिचों पर खेला जाएगा हॉकी विश्व कप

**भुवनेश्वर, ।** भारत में अगले साल के शुरू में होने वाला एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप भुवनेश्वर के अत्याधुनिक कलिंग हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में बिछाई गई चार नई पिचों पर खेला जाएगा। विश्वकप इन दोनों स्थानों पर 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। कलिंग स्टेडियम की मुख्य पिच और अभ्यास पिच दोनों नई बिछाई गई हैं जबकि बिरसा मुंडा स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय हॉकी परिषद (एफआईएच) से प्रमाणित नई पिचों पर मैच खेले जाएंगे।

हॉकी इंडिया ने बयान में कहा, बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम राउरकेला और हॉकी के कई ऐतिहासिक मैचों का गवाह रहे कलिंग हॉकी स्टेडियम भुवनेश्वर में नई बिछाई गई पिचों पर मैच खेले जाएंगे। दुनिया की चोटी की 16 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी जिनमें मेजबान भारत भी शामिल है। इन 16 टीमों को चार पूल में बांटा गया है। भारत पूल डी में है जहां उसका सामना इंग्लेंड, स्पेन और वेल्स से होगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी जबकि चारों पूल की आठ टीमें अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्रास ओवर मैच खेलेंगी। पूल ए में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका, पूल बी में बेल्जियम, जर्मनी, कोरिया और जापान तथा पूल सी में नीदरलैंड, मलेशिया, न्यूजीलैंड और चिली शामिल हैं।

# मैनपुरी में डिंपल की जीत के बाद यादव कुनबे में हुआ जश्न







**मैनपुरी।**
डिंपल यादव की जीत के बाद अखिलेश यादव सैफई में नेताजी की समाधि पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी. अखिलेश ने लिखा, ÷मैनपुरी के हर एक मतदाता को मेरा व्यक्तिगत धन्यवाद, जिन्होंने मुझ में अपना विश्वास व्यक्त किया और सपा के हर एक कार्यकर्ता, बूथ और सेक्टर प्रभारी एवं नेतागणों का भी हार्दिक आभार जिन्होंने सपा की जीत में अपना-अपना योगदान दिया.÷चाचा शिवपाल यादव भी डिंपल यादव की जीत के बाद नेताजी की समाधि पर पहुंचे और उन्होंने अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित की. इस दौरान उनके साथ बेटे आदित्य यादव भी थे. शिवपाल ने कहा, ÷यह जीत नेताजी के आशीर्वाद और आदर्श की है। अखिलेश यादव के चचेरे भाई और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी डिंपल यादव के साथ एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उनके हाथ में जीत का सर्टिफिकेट दिखाई दे रहा है. धर्मेन्द्र यादव ने इस तस्वीर के साथ लिखा, ÷आदरणीय डिम्पल यादव जी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर मैनपुरी वासियों ने श्रद्धेय नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि दी. मैनपुरी वासियों का हार्दिक आभार व धन्यवाद. श्रद्धेय नेताजी अमर रहें. चाचा प्रो. रामगोपाल यादव ने अखिलेश और डिंपल की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा,÷मैनपुरी लोकसभा के उप चुनाव में श्रीमती डिम्पल यादव को धर्म और जाति से ऊपर उठकर अभूतपूर्व समर्थन देने के लिए मैनपुरी और इटावा के महान मतदाताओं को बहुत बहुत धन्यवाद. नेता जी को यह सच्ची श्रद्धांजली है. अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप सिंह यादव की पत्नी राजलक्ष्मी यादव ने भी डिंपल को जीत की बधाई दी, राजलक्ष्मी लालू यादव की बेटी हैं. उन्होंने डिंपल को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी. राजलक्ष्मी ने डिंपल के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ये जीत मैनपुरी के मतदाताओं की नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि है. इस जीत ने नकारात्मक राजनीति को पराजित किया है. डिंपल की जीत से पूरे परिवार में जश्न का माहौल है. इस बात का अंदाजा परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों से ही लगाया जा सकता है.

## दोबारा सेक्स करने से किया मना तो पत्नी को उतारा मौत के घाट

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां रात में एक बार सेक्स करने के बाद पति ने पत्नी को दोबारा सेक्स करने से मना किया तो पति ने उसकी हत्या कर दी. इतना ही नहीं हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए वह लाश को 50 किलोमीटर दूर लेकर गया और किसी जगह पर फेंक दिया. पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. हत्या रस्सी से गला दबाकर की गई थी. आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है. घटना 5 दिंसबर की है. पति का नाम अनवर है और उसकी उम्र 34 साल है जबकि पत्नी का नाम रुखसार था जिसकी उम्र 30 साल थी. दोनों की शादी 9 साल पहले साल 2013 में हुई थी और उनके तीन बच्चे भी हैं. दरअसल रात में पति ने पत्नी से पहली बार सेक्स करने को कहा तो उसने मना नहीं किया, लेकिन इसके बाद जब वे सो गए तो वह उसे फिर से जगाकर सेक्स करना चाहता था. जब पति ने पत्नी से इसकी मांग की तो पत्नी ने मना कर दिया. इसके बाद दोनों में झगड़ा शुरू हो गया और यह गंभीर विवाद का रूप ले लिया. इस दौरान पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी.




**पूछताछ में कबूल किया गुनाह-** कोई शक न करे इसके लिए पति ने खुद ही पुलिस थाने में जाकर पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी. रिपोर्ट दर्ज कराने के कुछ दिन बाद जब एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ तो पुलिस ने पति को बुलाया. बातचीत में उसकी बातों पर शक होने लगा तो पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की जिससे घटना का खुलासा हो गया. पुलिस पूछताछ में पहले तो वह इनकार करता रहा, लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और अपना गुनाह कबूल कर लिया. उसने पुलिस को बताया कि अपनी पत्नी से परेशान था और पहले से ही उसकी हत्या करना चाहता था.

## लखनऊ यूनिवर्सिटी में किसी भी तरह की पार्टी पर लगी रोक

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय की कैंटीन में अब जन्मदिन समेत अन्य पार्टी मनाने की इजाजत नहीं होगी. इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक आदेश जारी किया है. बताया जा रहा है कि ऐसा कैंटीन में होने वाली लड़ाइयों को देखते हुए किया गया है. अब कैंटीन के बाहर दोपहिया और चार-पहिया वाहन लगाने की इजाजत नहीं होगी. प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी की ओर से जारी बयान में कहा गया है, ऐसा संज्ञान में आया है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर संचालित कैंटीनों में कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा अक्सर जन्मदिन या अन्य पार्टियां आयोजित की जाती हैं. इसमें आए दिन वाद-विवाद और मारपीट घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं. इसलिए यूनिवर्सिटी परिसर में पठन-पाठन का कार्य, शांति और सुव्यवस्था प्रभावित होती है. जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल होती है. आदेश में आगे कहा गया है, इसलिए कैंटीन संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित व्यवस्था का अनुपालन अपनी कैंटीन में तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करें. पूरे कैंटीन में पार्टी कहीं नहीं होगी. कैंटीन एरिया की सीसीटीवी कैमरे से रिकॉर्डिंग की जाएगी. कैंटीन परिसर के आसपास दोपहिया और चौपहिया वाहन नहीं लगाए जाएंगे. सीसीटीवी कैमरे से रिकॉर्डिंग की जाएगी. इसके अलावा कैंटीन में बाहरी लोगों को प्रवेश की इजाजत नहीं होगी. साथ ही कहा गया है कि पूरे कैंटीन में किसी प्रकार की कोई पार्टी आयोजित नहीं की जाएगी. यदि कोई छात्र-छात्रा इस तरह की पार्टी के आयोजन का प्रयास करती हैं तो कैंटीन संचालक उसकी सूचना तत्कालीन प्रॉक्टर कार्यालय में देगा. आदेश में कहा गया है कि अगर मौजूदा व्यवस्था का उल्लंघन किया गया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

## मौसम अलर्ट

## तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड, कई जगहों पर घना कोहरा

यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड का असर दिखाने लगा है. बीते काफी दिनों से पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी की वजह से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ रही है. पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से यूपी समेत पूरे उत्तर भारत के राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की जारी है. वहीं कई जगहों पर शीतलहर का असर दिखने लगा है. मौसम विभाग का अनुमान है कि पश्चिमी यूपी में शर्द हवाएं ठंड के साथ कनकनी बढ़ा सकती है. जबकि कई जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा. राजधानी लखनऊ में बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. गुरुवार को जिले के तापमान में हल्की गिरावट के वजह से ठंड बढ़ी है. लेकिन बीते दो दिनों के मुकाबले गुरुवार को हवा तेज रहने की संभावना है. वहीं जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना है. राजधानी में वायु प्रदुषण खराब की श्रेणी में है. मंगलवार की सुबह राजधानी के तालकटोरा इंडस्ट्रियल इलाके में 243 दर्ज किया गया है.

आने वाले यूपी के इस इलाके में तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा. तापमान में बदलाव नहीं होने के बाद भी हवाओं के कारण कनकनी भी बढ़ सकती है. वहीं न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना है. नोएडा में गुरुवार को वायु प्रदुषण बहुत खराब की श्रेणी में दर्ज किया गया. नोएडा के सेक्टर 116 में 324 दर्ज किया गया है. वाराणसी में अगले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना है. जिले में गुरुवार को तेज हवाओं के कारण ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है. यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना है. हालांकि वाराणसी में वायु प्रदुषण अच्छा की श्रेणी में है. जहां बीएचयू वाले इलाके में गुरुवार की सुबह 82 दर्ज किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को प्रयागराज में 10 डिग्री सेल्सियस, गोरखपुर में 11 डिग्री सेल्सियस, मेरठ में 10 डिग्री सेल्सियस, बरेली में 10 डिग्री सेल्सियस, बहराइच में 11 डिग्री सेल्सियस, झांसी में 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. इन जिलों में कोहरा होने का भी अनुमान मौसम विभाग ने लगाया है.



## निर्माता अपनी फिल्म को हिट करने के लिये मुझ पर भरोसा करते हैं

# मैं आज जहां हूं वहां पहुंचने में बक्त लगा है: भूमि पाटनेकर

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, जो 'गोविंदा नाम मेरा' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने साझा किया है कि उनकी आने वाली सिनेमाई पसंद, फिल्में और पात्र उनके विश्वास प्रणाली का प्रतिबिंब हैं। आगे विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा,मेरी आने वाली फिल्म और उनके द्वारा निभाए जाने वाले किरदार मेरे विश्वास प्रणाली और एक कलाकार के रूप में स्क्रीन पर महिलाओं को अच्छी तरह से चित्रित करने के लक्ष्य का प्रतिबिंब हैं। मुझे ऐसी स्क्रिप्ट चुनने में मजा आता है जो मुझे सामग्री परिश्य को बाधित करने दें। मैं भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। वह बी-टाउन की सबसे व्यस्त अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनकी अगले साल 5 रिलीज होने वाली हैं। इन टाइटल्स में 'भीड़', 'अफवाह', 'द लेडी किलर', 'भक्षक' और मुदस्सर अजीज की अगली फिल्म शामिल है। अपने उत्साह को साझा करते हुए अभिनेत्री ने कहा, आज हिंदी फिल्म उद्योग में सबसे सफल अभिनेताओं में से एक होना आश्चर्यजनक लगता है और मुझे गर्व है कि मैं अपनी कड़ी मेहनत और ढ़ संकल्प के माध्यम से यहां तक पहुंचने में सक्षम हूं। एक पूर्ण बाहरी व्यक्ति होने के नाते बॉलीवुड तक, आज मैं जिस मुकाम पर हूं, वहां तक पहुंचने के सफर में थोड़ा समय जरूर लगा है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि, र उनकी यात्रा उन्हें वह कलाकार बनाती है जो वह आज हैं और वह इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकतीं कि आज शीर्ष फिल्म निर्माता अपनी ष्टि को पूरा करने के लिए उन पर भरोसा करते हैं। ऐसा लगता है कि अभिनेत्री एक के बाद एक रिलीज के दबाव का आनंद ले रही हैं, जैसा कि उन्होंने कहा,जब से मैंने 'दम लगा के हईशा' के साथ अपनी शुरूआत की, मैंने महत्वाकांक्षाओं, इच्छाओं और ताकत वाली महिला किरदारों को निभाने की चुनौती का आनंद लिया है। मैं खुद को धन्य और सौभाग्यशाली मनाती हूं कि मेरे पास अगले एक साल में सात फिल्में हैं जिनमें मैं महिलाओं के विभिन्न रूपों को निभा रही हूं। 'भीड़', 'अफवाह', 'द लेडी किलर', 'भक्त' और मुदस्सर अजीज की अगली फिल्म, 'गोविंदा नाम मेरा' जैसी फिल्में और एक अन्य घोषित अनाम फिल्म, इस तथ्य को दशाएंगी कि मैं इसे पूरा करने में सक्षम हूं। भूमि की अगली रिलीज 'गोविंदा नाम मेरा' 16 दिसंबर को ओटीटी पर आएगी।

# फिल्मों निर्माण और निर्देशन करना चाहते हैं रणबीर कपूर

बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर फिल्मों का निर्माण और निर्देशन करना चाहते हैं। रणबीर कपूर सऊदी अरब के जेद्दाह में चल रहे रेड सी फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने के लिये पहुंचे हैं। रणबीर कपूर ने बताया कि मैं हमेशा से फिल्म का निर्देशन और निर्माण



करना चाहता था, लेकिन वास्तव में कहानी लिखने का साहस मुझमें नहीं है। मैं एक लेखक नहीं हूं, और जब मैं अपने विचारों को दूसरे लोगों के साथ साझा करने की बात करता हूं तो उस दौरान में मै शर्मीला हो जाता हूं। ऐसे में मै इस पर काम कर रहा हूं और फिल्मों का निर्देशन शुरू करना और उम्मीद है कि उनमें भी अभिनय करना, यह मेरे 10 साल के लक्ष्यों में शामिल है। रणबीर कपूर ने हॉलीवुड फिल्म में काम करने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं अपने देश में मुझे मिलने वाले अवसरों से संतुष्ट हूं। मैं अपनी भाषा में ही एक्टिंग करना पसंद करूंगा।

# अक्षय कुमार ने शुरू की मराठी फिल्म की शूटिंग


निर्देशक महेश मांजरेकर की मराठी पीरियड ड्रामा वेदत मराठे वीर दौडले सात की शूटिंग शुरू हो गई है, जिसमें अक्षय कुमार छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं।



अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर को देखते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने हिंदी में कैप्शन लिखा कि, उन्होंने सोमवार को फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।वसीम कुरेशी द्वारा निर्मित यह फिल्म केवल एक कहानी या युद्ध नारा नहीं है, यह हिंदवी स्वराज्य की सफलता की कहानी है और एक गौरवशाली और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है जैसा कोई अन्य नहीं है। फिल्म के कलाकारों में जय दुधने, उत्कर्ष शिंदे, विशाल निकम, विराट मडके, हार्दिक जोशी, सत्या, अक्षय, नवाब खान और प्रवीण तारडे शामिल हैं।महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित, फिल्म कुरेशी प्रोडक्शन की प्रस्तुति है और मराठी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में दीवाली 2023 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# पठान से सामने आया शाहरुख खान का नया लुक

बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान साल 2023 में अपनी तीन फिल्मों (पठान, जवान और डंकी) से फैंस को बड़ा तोहफा देने वाले हैं। साल 2018 में आई फिल्म जीरो के बाद शाहरुख खान सिल्वर स्क्रीन पर धमाकेदार कमबैक करने वाले हैं। 25 जनवरी 2023 में शाहरुख खान की पहली फिल्म रिलीज होगी पठान सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस फिल्म में किंग खान के साथ एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन अब्राहम नेगेटिव किरदार दिखाई देंगे। हाल ही में पठान का टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें शाहरुख खान बेहद ही खतरनाक लग रहे थे। अब पठान का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। अब इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस का एक्साइटमेंट दोगुना हो गया है। इस पोस्टर में शाहरुख खान अपनी



गर्दन पर गन रखे नजर आ रहे हैं। फिल्म के इस नए पोस्टर को यशराज फिल्मस के ट्विटर हैंडल से शेयर किया गया है।फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया है, उसे हमेशा लड़ाई में शॉटगन मिलती है। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। यशराज फिल्मस के इस पोस्ट पर लोग खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, ग्रैंड कमबैक की ग्रैंड तैयारी। तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बंपर सुनामी लेकर आएगी। बता दें कि इस फिल्म में शाहरुख खान एक स्पाई का रोल निभाएंगे और फिल्म में एक्टर जॉन अब्राहम से भिड़ते दिखेंगे।बता दें कि पठान के बाद शाहरुख खान की फिल्म जवान 2 जून को बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाएगी। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ एक्ट्रेस नयनतारा मुख्य किरदार निभाती नजर आ रही हैं। 2023 के आखिर में शाहरुख एक्ट्रेस तापसी पन्नू के साथ फिल्म डंकी में नजर आएंगे।

# 87 वर्ष के हुये सदाबहार अभिनेता धर्मेन्द्र

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता धर्मेन्द्र आज 87 वर्ष के हो गये। पंजाब के फगवारा में 08 दिसंबर 1935 को जन्में धर्मेन्द्र का रुझान बचपन के दिनों से ही फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे। वर्ष 1958 में फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर पत्रिका फिल्म फेयर ने एक विज्ञापन निकाला, जिसमें नये चेहरों को बतौर अभिनेता काम देने की पेशकश की गयी थी। धर्मेन्द्र इस विज्ञापन को पढ़कर काफी खुश हुये और अमेरीकन टयूबवेल की नोकरी को छोड़कर अपने सपनों को साकार करने के लिये मायानगरी मुंबई आ गये। इसी दौरान धर्मेन्द्र की मुलाकात निर्माता-निर्देशक अर्जुन हिंगोरानी से हुयी, जिन्होंने धर्मेन्द्र की प्रतिभा को पहचान कर अपनी फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे में बतौर अभिनेता काम करने का मौका दिया। फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे की असफलता के बाद धर्मेन्द्र ने माला सिन्हा के साथ अनपढ़, पूजा के फूल, नूतन के साथ बंदिनी, मीना कुमारी के साथ काजल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। इन फिल्मों को



दर्शकों ने पसंद तो किया लेकिन कामयाबी का श्रेय धर्मेन्द्र की बजाय फिल्म की अभिनेत्रियों को दिया गया। वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म फूल और पत्थर की सफलता के बाद सही मायनों में बतौर अभिनेता धर्मेन्द्र अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के कारण वह फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार के लिये नामांकित भी किये गये। धर्मेन्द्र को प्रारंभिक सफलता दिलाने में निर्माता -निर्देशक ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्मों का अहम योगदान रहा है। इनमें अनुपमा, मंझली दीदी और सत्यकाम जेसी फिल्में शामिल हैं। फूल और पत्थर की सफलता के बाद धर्मेन्द्र की छवि हीमैन के रूप में बन गयी। इस फिल्म के बाद निर्माता-निर्देशकों ने अधिकतर फिल्मों मे धर्मेन्द्र की हैमेन वाली छवि को भुनाया। रूपहले पर्दे पर धर्मेन्द्र की जोड़ी हेमा मालिनी के साथ खूब जमी। यह जोड़ी सबसे पहले फिल्म शराफत से चर्चा में आई। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म शोले में धर्मेन्द्र ने वीर और हेमा मालिनी ने बसंती की भूमिका में दर्शकों का भरपूर मनोंरजन किया। हेमा और धमेन्द्र की यह जोड़ी इतनी अधिक पसंद की गई कि फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम गर्ल के नाम से मशहूर हेमा मालिनी उनके रीयल लाइफ की ड्रीम गर्ल बन गई। इस जोड़ी ने ड्रीम गर्ल, चरस, आसपास, प्रतिज्ञा, राजा जानी, रजिया सुल्तान, अली बाबा चालीस चोर बगावत, आतंक, द बर्निंग ट्रेन, चरस, दोस्त फिल्मों में एक साथ काम किया। सत्तर के दशक में हुये एक सर्वेक्षण के दौरान धर्मेन्द्र को विश्व के हैंडसम व्यक्तिव में शामिल किया गया। धर्मेन्द्र के प्रभावी व्यक्तिव के कायल अभिनय सम्राट दिलीप कुमार भी है। दिलीप कुमार ने धर्मेन्द्र की बड़ाई करते हुये कहा था जब कभी मैं खुदा के दर पर जाउंगा मे बस यही कहूंगा मुझे आपसे केवल एक शिकायत है ,आपने मुझे धर्मेन्द्र जैसा हैंडसम व्यक्ति क्यों नही बनाया। धर्मेन्द्र को फिल्मों में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 1997 में फिल्मफेयर का लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया तो उनकी आंखों में आंसू आ गये और उन्होंने कहा .मैने अपने करियर में सैकड़ो हिट फिल्में दी है लेकिन मुझे काफी अवार्ड के लायक नही समझा गया आखिरकार मुझे अब अवार्ड दिया जा रहा है मैं खुश हूं। अपने पुत्र सन्नी देओल को को लॉन्च करने के लिए धर्मेन्द्र ने 1983 में फिल्म बेताब जबकि वर्ष 1995 में दूसरे पुत्र बॉबी देओल को लांच करने के लिये फिल्म बरसात का निर्माण किया। फिल्मों में कई भूमिकाएं निभाने के बाद धर्मेन्द्र ने समाज सेवा के लिए राजनीति में प्रवेश किया और वर्ष 2004 में राजस्थान के बीकानेर से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर लोकसभा के सदस्य बने।

**मुझे जो प्यार और समर्पण मिला है, उसके लिए में हमेशा आभारी हूं, वे मुझे बहुत ताकत देते हैं।**

# विद्युत जामवाल ने प्रशंसकों के साथ प्री-बर्थडे मनाया



अपने धमाकेदार एक्शन और खतरनाक स्टंट के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल ने मंगलवार को अपने प्रशंसकों के साथ एक प्री-बर्थडे मनाया। अभिनेता ने जुहू के एक होटल में अपने सबसे बड़े प्रशंसकों के साथ मुलाकात और अभिवादन के आयोजन में दिन बिताया। इवेंट के बारे में बात करते हुए विद्युत ने कहा, इस परिवार से मुझे जो प्यार और समर्पण मिला है, उसके लिए मैं हमेशा आभारी हूं, वे मुझे बहुत ताकत देते हैं। मैं उनके लिए कुछ खास करना चाहता था क्योंकि उन्होंने मुझ पर इतना विश्वास किया है। मुझे प्यार करने वाले लोग पसंद हैं जो मुझसे प्यार करते हैं। प्रशंसकों में से 3 ने अपने जन्मदिन के लिए अभिनेता के नाम का टैटू बनवाया था और एक ऐसा था जो अभिनेता से मिलने के लिए पानीपत से साइकिल चलाकर आया था। अभिनेता 10 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाते हैं। अभिनेता ने कहा, इन लोगों ने मेरे जन्मदिन के लिए मेरे नाम का टैटू बनवाया और मुझसे मिलने के लिए 1600 किलोमीटर साइकिल पर सवार हुए, इसलिए मैं कुछ देना चाहता था और उनके साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता था।

**निर्माताओं ने गुरु रंधावा और नरगिस फाखरी अभिनीत इसका वीडियो रिलीज किया है**

# गुरु रंधावा-नरगिस फाखरी का गाना रिलीज

गुरु रंधावा और नरगिस फाखरी अभिनीत गाना फयाह फयाह रिलीज हो गया है। फयाह फयाह' के ऑडियो वर्ज़न ने इंटरनेट पर धमाल मचाया था, और अब निर्माताओं ने गुरु रंधावा और नरगिस फाखरी अभिनीत इसका वीडियो रिलीज किया है। इस गाने को गुरु ने लिखा और कंपोज किया है। इस गाने का म्यूजिक प्रोडक्शन वीईई ने किया है। रूपन बाल द्वारा निर्देशित इस वीडियो में गुरू रंधावा और नरगिस फाखरी की जोड़ी नजर आ रही है। गुरु रंधावा ने कहा, नरगिस और मैंने सेट पर बहुत मज़ा किया। खासकर तब जब यह एक साईफिक्शन थीम पर आधारित है, उन हिस्सों को फिल्माना पूरी तरह से एक नया अनुभव था। नरगिस फाखरी ने कहा, एक ऐसे म्यूजिक वीडियो को फिल्माना जो एक मज़ेदार थीम पर आधारित हो तो वह निश्चितरूप से रोमांचकारी अनुभव होगा। गुरु इतने अच्छे व्यक्ति हैं कि उनके साथ शूट करने में बहुत मज़ा आया।हालांकि गुरु के साथ यह मेरा पहला म्यूजिक वीडियो है और यह मेरे लिए बहुत ही नया अनुभव था जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी। रूपन बल ने कहा,गुरु रंधावा और नरगिस फाखरी की फ्रेश जोड़ी ने इस गाने के साथ पूरी तरह जस्टिस किया है।





# नम्रता मल्ला ने दिए कई बोल्ड पोज

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अपनी फिटनेस को योग के जरिए बरकरार रखे हुए हैं। वहीं, म्यूजिक वीडियो के साथ फैंस एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर भी काफी फॉलो करते हैं। वहीं, एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने स्पोर्ट्स ब्रा और डेनिम शॉर्ट्स में अपना फिगर फ्लॉन्ट किया, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड अदाओं के साथ अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला अपनी बोल्डनेस और हॉट अंदाज से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। नम्रता मल्ला अपनी फिट बॉडी से फैंस पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस अपनी निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। नम्रता मल्ला की तस्वीरें ही नहीं, वीडियो भी कम समय में वायरल हो जाते हैं। नम्रता मल्ला एक कमाल की डांसर भी हैं, कई बार उन्होंने अपने डांस को खुद कोरियोग्राफ किया। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी के साथ साथ साउथ की फिल्मों मे भी काम किया है। नम्रता मल्ला आज बड़ी सोशल मीडिया संसेशन बन चुकी है। साथ ही उनके फैंस उनकी फोटोज और वीडियो पर अपना प्यार बरसाते रहते हैं। नम्रता मल्ला की इंस्टाग्राम पर भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके इंस्टा पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। नम्रता मल्ला ने इन कपड़ों में बेहद सेक्सी और बोल्ड फिगर को भी फ्लॉन्ट किया। साथ ही अपनी कातिलाना अंदाज से फैंस को घायल करती नजर आ रही है।

### जैन मंदिर में हुई चोरी का खुलासा

# शातिर चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा, छत्र व मूर्ति बरामद

**ग्वालियर।** तीन नवंबर को जैन मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए राजस्थान और मध्य प्रदेश के शातिर चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा है। पक? गए चोरों ने जेल में जैन मंदिर में चोरी की योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। जिस मूर्ति को वह चोरी कर ले गए थे वह सोने की नहीं बल्कि अष्ठ धातु की थी। पुलिस ने दोनों चोरों को हिरासत में लेकर नगदी, छत्र व चोरी गई मूर्ति को बरामद कर लिया है। जबकि तीसरा चोर एक अन्य घटना में गोली लगने से घायल होकर उपचार करा रहा है। पुलिस पकड़े गए चोरों से पूछताछ कर अन्य चोरी की वारदातों की पड़ताल में जुट गई है।

ग्वालियर के पनिहार थाना प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि तीन नवंबर को हुई जैन मंदिर पनिहार में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो चोर पुलिस ने पकड़े हैं, जबकि एक अभी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। भर्ती चोर की निगरानी की जा रही है और उसकी हालत में सुधार होते ही उसे भी हिरासत में ले लिया जाएगा। पकड़े गए चोरों से चोरी की गई मूर्ति, नगदी व चांदी के छह छत्र बरामद कर लिए है। पुलिस पड़ताल में पता चला है कि वारदात की योजना जेल में बनी थी, यहां पर राजस्थान के भरतपुर का कलेक्टर गुर्जर, मुरैना का जण्डेल गुर्जर और बंटी खटीक सजा काट रहे थे। यहीं पर तीनों की मुलाकात हुई और जैन मंदिर में चोरी की योजना बनी। चोरों को



जानकारी मिली थी कि जैन मंदिर में सोने की मूर्ति है। जबकि मूर्ति अष्ठधातु की थी। दस दिन की पड़ताल में जब चोरों का सुराग नहीं मिला तो पुलिस ने जेल से छूटे चोरों की जानकारी जुटाई और तभी पता चला कि बंटी खटीक को घटना के एक दिन पहले मंदिर में देखा गया है। साथ ही एक युवक और था जिसकी पहचान जण्डेल गुर्जर के रूप में हुई और उसका पता लगाकर दबिश दी तो उसे दबोच लिया। जण्डेल के हाथ आते ही घटना का खुलासा हो गया और पुलिस ने उसके साथी कलेक्टर गुर्जर को राजस्थान के भरतपुर से दबोच लिया। एसडीओपी घाटीगांव हिना खान ने बताया कि जिस समय पुलिस ने भरतपुर में दबिश दी उस समय आरोपी अपने घर पर नहीं था और पुलिस उसे तलाश कर वापस आने वाली थी कि तभी वह घर में जा पहुंचा। उसे देखते ही पुलिस ने उसे दबोच लिया, आरोपी वारदात के बाद से ही फरार था और पिछले आठ दिन से वह घर से गायब था। बंटी के बारे में पता चला है कि एक जगह झगड़े में वह गया था, जहां पर गोली चलने पर वह घायल हो गया है। पुलिस उसके स्वस्थ होने का इंतजार कर रही है। वहीं पता चला है कि वारदात का तानाबाना बंटी ने ही तैयार किया था और वारदात के बाद रात में ही उन्हें मुरैना के लिए रवाना किया था। स्स्कअमित सांघी ने बताया कि जैन मंदिर में हुई चोरी का खुलासा कर दो चोरों को पकड़ लिया गया है। चोरों से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है। इस गैंग का एक चोर घायल है और उसका उपचार चल रहा है। जिसकी हम गिरफ्तारी करेंगे, साथ ही पकड़े गए दोनों चोरों से उनके द्वारा की गई अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है, पूछताछ करने पर चोरी के कई और नए खुलासे हो सकते हैं।

## ऊर्जा मंत्री की पहल पर 10 व 11 दिसम्बर को विशाल मल्टी स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर



**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने पूज्य पिताजी स्व. हाकिम सिंह तोमर की पुण्य स्मृति पर दो दिवसीय निःशुल्क मल्टीस्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया है। यह विशाल स्वास्थ्य शिविर 10 एवं 11 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक वृन्दावन गार्डन बिरला नगर हजीरा में आयोजित होगा। शिविर में दिल्ली व ग्वालियर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अपनी सेवायें देंगे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील ग्वालियरवासियों से की है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि हर व्यक्ति स्वस्थ व निरोगी रहे। इसी उद्देश्य को लेकर अपने पिताजी की पुण्य स्मृति में हमने सभी के सहयोग से विशाल दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस स्वास्थ्य शिविर में दिल्ली एवं ग्वालियर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में आंख एवं कानों का परीक्षण कर निःशुल्क चश्मे एवं कानो की मशीन वितरित की जाएगीं। शिविर में खून की जांच एवं दवाओं का वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा। **शिविर में ये चिकित्सा विशेषज्ञ करेंगे निःशुल्क इलाज**-हृदय रोग विशेषज्ञ जिसमें डॉ. जमाल युसुफ दिल्ली से, डॉ. रविशंकर डालमियां, डॉ. गौरव कवि भार्गव, न्यूरोलॉजिस्ट के डॉ. संतोश त्रिपाठी, डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, डॉ. विवेक कनकने, कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.एस.भल्ला, डॉ. अमित रघुवंषी, डॉ. अमित जैन, डॉ. प्रशांत नायक, डॉ. सुनील गुप्ता, श्वांस एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक चोपडा, डॉ. महेश नरवरिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरी सिंह कुशवाह, डॉ. हर्ष चैहान, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव गर्ग, डॉ. प्रीतम सिंह, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश भुरानी, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. अशोक राजौरिया, यूरोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश सिंघल, डॉ. चन्द्रप्रकाश व्ही.के., रेडियोलॉजिस्ट डॉ. आलोक यादव, शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गौड, डॉ. आरडी दत्त, डॉ. रवि अम्बे, डॉ. अमीर खान, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी एस कुशवाह, डॉ. दिनेश प्रसाद, डॉ. समीर गोखले, एमडी मेडीसिन विशेषज्ञ डॉ. अजय पाल सिंह, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. वीरपाल यादव, डॉ. मुकेश तोमर, डॉ. विकास यादव, आयुर्वेदाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र रिछारिया एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सक्सैना, डॉ. रीना सक्सैना, डॉ. सहालनी खान एवं डॉ. ऊषा चौरसिया उपस्थित रहकर मरीजों को अपना परामर्श देगें।

## बूथों की सूची तैयार करें, लक्ष्य तय करें और रणनीति बनाएं : हितानंद

ग्वालियर। संगठन के विस्तार और उसकी मजबूती के लिए हमें बूथ पर जाना होगा। उसे सशक्त बनाना होगा। बूथ जीता तो चुनाव जीता। अगर हमारा बूथ मजबूत होगा तो आने वाले विधानसभा चुनावों में जीत होगी और फिर से हमारी सरकार बनेगी। इसलिए बूथों की सूची बनाएं और लक्ष्य तय करके उसके हिसाब से रणनीति बनाएं। यह बात गुरूवार को पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जिला कार्यालय मुखर्जी भवन में आयोजित एक बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।




संगठन महामंत्री हितानंद ने बूथ मैनेजमेंट के बारे में समझाते हुए कहा कि अपने बूथों पर ज्यादा से ज्यादा जाएं और बूथ को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का बूथ स्तर तक आयोजन हो, तत्पश्चात् बूथ की बैठक हो, उसके बाद में शक्ति केंद्र और जिले की बैठकों की कार्ययोजना बनाकर काम करें। हितानंद ने कहा कि भाजपा सरकारें जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। केंद्र एवं राज्य सरकारों की इन योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर हितग्राहियों को देना चाहिए और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सर्वाधिक पार्षद, सर्वाधिक सांसद, सर्वाधिक विधायकों वाला सबसे विराट दल है। पार्टी को इस स्तर तक पहुंचाने में पोलिंग बूथ पर बैठने वाले समर्पित कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। बैठक में जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर पार्टी के कार्यक्रम आते हैं हमें उसे उसी भाव से लेकर कार्य करना चाहिए। बैठक के दौरान मंच पर पार्टी के प्रदेश मंत्री मदन कुशवाहा उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री विनोद शर्मा ने किया एवं आभार जिला महामंत्री राजू सेंगर ने माना।



## राज्य प्रवासी श्रमिक आयोग के सदस्य ग्वालियर दौरे पर आए, जानी समस्याएँ

**ग्वालियर।** कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य प्रवासी श्रमिक आयोग के सदस्य विनोद रिछारिया ने शुक्रवार को ग्वालियर जिले का दौरा किया इस दौरान उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में बैठक लेकर कोरोना काल एवं उसके बाद काम की आस में बाहर गए श्रमिकों एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों से विस्तृत चर्चा की। सदस्य रिछारिया ने श्रमिकों एवं श्रमिक संगठनों से संवाद कर उनकी समस्यायें और कठिनाईयां जानी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य प्रवासी श्रमिक आयोग का गठन किया गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये आयोग लगातार कार्य कर रहा है। बैठक में सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती संध्या सिंह, श्रमिक संगठनों की ओर से अशोक गोस्वामी व अरविंद मिश्रा सहित लगभग दो दर्जन असंगठित श्रमिक मौजूद रहे।



## सोनिया गांधी का त्याग व सम्पर्ण हम सबके लिये प्रेरणादायी है: महापौर डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी की सर्वमान्य नेता आदरणीय सोनिया गांधी जी ने जो त्याग व सम्पर्ण कांग्रेस पार्टी के लिये किया वह हम सबके लिये प्रेरणादायी है। वह चाहती तो देश में एक नही दो बार प्रधानमंत्री बन जाती मगर उन्होंने पार्टी संगठन को महत्व दिया न कि प्रधानमंत्री पद को। सोनिया गांधी जी ने कांग्रेस की मजबूती के लिये काम किया है और कर रही है। महापौर डॉ. सिकरवार आज ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर सोनिया गांधी जी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के बीच बोल रही थी। इस मौके पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मीनू



परिहार, श्रीमती वीणा भारद्वाज, श्रीमती सीमा समाधिया, मेयर इन कॉउसिल के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद अंकित कठठ्ल, पार्षद षकील मंसूरी, पार्षद प्रमोद खरे, आसिफ अली आदि मंचासीन रहे। कांग्रेस की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के तहत केक काटा गया और मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर महापौर डॉ. सिकरवार ने बच्चों के साथ केक काटा और सभी को मिष्ठान वितरण किया तथा आतिशबाजी की गई। महापौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को नई ऊचाईयां प्रदान करने में सोनिया गांधी जी की अहम भूमिका रही है।

## महिला हिंसा उन्मूलन पर पुलिस का स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान

ग्वालिय पुलिस मुख्यालय भोपालके निर्देष पर महिला हिंसा उन्मूलन हेतु संपूर्ण मध्यप्रदेष में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देष पर ग्वालियर पुलिस द्वारा भी जिले में ''महिला हिंसा उन्मूलन'' हेतु जिले के सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कॉलेज तथा शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिये जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत एसडीओपी घाटीगांव/महिला सेल प्रभारी सुश्री हिना खान द्वारा लगातार ग्वालियर के स्कूल-कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों में जाकर ''महिला हिंसा उन्मूलन'' कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना घाटीगांव क्षेत्र में स्थित उत्कर्ष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एसडीओपी घाटीगांव सुश्री हिना खान एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''महिला हिंसा उन्मूलन'' जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी देकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा मध्यप्रदेष पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया।

## कांग्रेस कार्यालय में मना सोनिया गांधी का जन्मदिन

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता एवं मप्र शासन के पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, पूर्व सांसद रामसेवक बाबूजी, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, साहब सिंह गुर्जर की उपस्थिति में कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिवस हर्ष उल्लास से मनाया गया और श्रीमती सोनिया गांधी जी के दीर्घायु, चिरायु, ओर निरोगी होने की कामना परमपिता परमेश्वर से की।

कार्यक्रम में अमर सिंह माहौर, वीर सिंह तोमर, चतुर्भुज धनोलिया, संजय सिंह राठौर, दुष्यंत सहानी, प्रेमनारायण यादव, जयराज सिंह, उदल सिंह, आनंद शर्मा, अवधेश कौरव, जेएच जाफरी, मेहबूब खां चेनवाले, कृष्णराव दीक्षित, अशोक तोमर, दशरथ सिंह गुर्जर, श्रीमती सीमा



समाधिया, भैयालाल भटनागर, सरमन सिंह राय, धर्मेन्द्र शर्मा, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह गुर्जर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मीनू परिहार, श्रीमती वीणा भारद्वाज, रामनरेश परमार, ओमप्रकाश दुबे, ओमप्रकाश राजपूत, तरूण यादव, लाल सिंह कुशवाह एड, संजीव दीक्षित, रफीक खां मुल्लाजी, अनूप जौहरी, आविद नकबी, अयुब खान, गौरव शर्मा, रमेशचन्द्र भारती, तरूण सिंह कुशवाह, प्रताप राव महाडिक, अंकित कटठल, श्रीमती अनीता मुकेश धाकड़, गोविंद दास अग्रवाल, अशोक कश्यप, सुनील वाल्मिकी, गौरव मिंगेश, चरन सिंह लोधी, कल्लू तोमर, धर्मेन्द्र शर्मा धीरू, रामनरेश गडरिया, सुषमा पांडे, पूनम शुक्ला, रमा बंसल, रिचा, रानू शर्मा, गीता गुप्ता, गीता शर्मा, देवीलाल बरहादिया, अवनीश गौड़, मदनमोहन शर्मा, रामकिशन शर्मा, मंजू यादव, उमा शर्मा, मोन सोलंकी, राजेश सिंह कुशवाह, बृजेश शुक्ला, अनीता पाल, रामअवतार, इन्द्र सिंह यशपाल, कुलदीप मगरैया, मुन्नलाल खरे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने किया।

## शासकीय सेवकों ने सामूहिक रूप से ली यातायात नियमों का पालन करने की शपथ

**ग्वालियर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को संभाग आयुक्त कार्यालय व कलेक्टर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों में शासकीय सेवकों ने सामूहिक रूप से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाएँ रोकने में मदद करने की शपथ ली।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ के माध्यम से संकल्प लिया कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षा संबंधी सभी बातों का ध्यान रखेंगे। यातायात नियमों का स्वयं पालन करेंगे और दूसरों से भी पालन करायेंगे। दुपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट लगायेंगे। मदिरा पान करके वाहन नहीं चलायेंगे और न ही मोबाइल फोन पर बात करेंगे। सड़क पर एम्बूलेंस और फायरब्रिगेड की गाड़ियों को पहले निकलने के लिये रास्ता देंगे। साथ ही सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिये सदैव तत्पर रहेंगे।

Aadhar Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.
HOME LOAN | PLOT PURCHASE | TOPUP
HOME EXTENSION | LAP | PURCHAS + CONSTRECTION
Add. Alaknanda Tower - 2, City Centre, Gwalior
Contact : Mr. Santosh Singh Bhadoriya
9179661562

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478